रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025
haribhoomi.com





हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**विराट कोहली**
- 102 रन
- 93 गेंद
- 2 छक्के
- 7 चौके

**ऋतुराज गायकवाड़**
- 105 रन
- 83 गेंद
- 2 छक्के
- 12 चौके

- भारतीय टीम ने लगातार 20वें वनडे में टॉस गंवाया
- साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का किया फैसला

जोश, जुनून और रोमांच में डूबा रहा रायपुर

# टीम इंडिया ने महफिल लूटी पर हाथ से 'जीत' छूटी...

अफ्रीका ने भारत को चार विकेट से हराया

शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं रहा। मैच के दौरान विराट कोहली और रोहित शर्मा के प्रति दर्शकों की दीवानगी देखते ही बनती थी। करीब 65 हजार दर्शकों की भीड़ में 50 हजार से ज्यादा लोग विराट और रोहित की जर्सी पहने नजर आए, जिससे पूरा स्टेडियम 'ब्लू सी' में तब्दील हो गया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने विराट कोहली और ऋतुराज गायकवाड़ की शतकों पर पानी फेरते हुए भारत को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में चार विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। भारत ने 358 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसे दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट से मैच जीत लिया।

*इंडिया का शानदार आगाज, विराट-गायकवाड़ का शतक खड़ा किया विशाल स्कोर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टीम इंडिया की बल्लेबाज़ी ने पहले ही ओवर से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रोहित शर्मा के आउट होने के बाद विराट कोहली ने ताबड़तोड़ शतक लगाकर रायपुर के फैंस का दिल जीत लिया। मैदान पर हर तरफ 'कोहली-कोहली' की गूंज सुनाई दे रही थी। मैच देखने बच्चे, बुजुर्ग, दिव्यांग और युवा बड़ी संख्या में पहुंचे। सभी वर्गों के लोगों ने क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया। रोहित और विराट के हर शॉट पर स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। इस ऐतिहासिक मैच ने रायपुर में क्रिकेट की लोकप्रियता को एक नई ऊंचाई दी है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### मैच में प्रमुख अतिथियों की मौजूदगी

मैच के दौरान अतिथि के रूप समें बीसीआई से उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, देवाजित सैकिया, बीसीआई के संयुक्त सचिव प्रभजीत भाटिया, पूर्व भारतीय खिलाड़ी प्रज्ञान ओझा, छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया और संजय बांगड़ इस अवसर पर मौजूद रहे।

### मैच में कमेंट्री करते नजर आए रवि शास्त्री और शोएन पोलक

कमेंट्री टीम ने दर्शकों को हर पल से रूबरू कराते हुए मैच का मज़ा दुगना कर दिया। कमेंट्री टीम में रवि शास्त्री, शोएन पोलक, मुरली कार्तिक, हर्षा भोगले शामिल थे।





विराट के पास पहुंचा फैन कंधे में उठाकर किया बाहर।

### विराट ने तोड़े 3 बड़े रिकॉर्ड

- विराट कोहली ने अपने अधिकांश वनडे करियर में नंबर-3 पर बैटिंग की है। वो अब वनडे क्रिकेट में नंबर-3 पर बैटिंग करते हुए 46 शतक लगा चुके हैं, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उनसे पहले तीसरे क्रम पर बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड भारत के ही सचिन तेंदुलकर के नाम था।
- विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 वनडे मैच खेले हैं, जिनकी 31 पारियों में उन्होंने 1741 रन बना लिए हैं। वो वनडे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।
- रायपुर ऐसी 34वीं जगह है, जहां विराट कोहली ने वनडे शतक लगाया है। सबसे ज्यादा अलग-अलग मैदानों पर शतक लगाने के मामले में अब विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है। सचिन तेंदुलकर ने भी अपने वनडे करियर में 34 अलग-अलग जगहों पर शतक लगाया था।

### *टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारत की जर्सी का अनावरण*

*रायपुर। टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम की जर्सी का अनावरण बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान किया गया। टी20 विश्व कप का 10वां चरण भारत और श्रीलंका के आठ स्थलों पर सात फरवरी से आठ मार्च तक आयोजित किया जाएगा। भारत को ग्रुप ए में उसके पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, अमेरिका, नीदरलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया है। भारत सात फरवरी को मुंबई में अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ करेगा।*

आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹96862/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹118300/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹129136/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur

## खबर संक्षेप

### विक्रम भारत में बैंक ऑफ अमेरिका के नए सीईओ

**मुंबई।** विक्रम साहू भारत में बैंक ऑफ अमेरिका के नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने साहू की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। साहू, काकू नखाते की जगह लेंगे। काकू नखाते ने पिछले 15 वर्ष देश में बैंक का संचालन संभाला। आंतरिक ज्ञापन में कहा गया है कि आरबीआई ने साहू की नियुक्ति को मंजूरी दी है। साहू इस साल की शुरुआत में भारतीय शाखा की समग्र नेतृत्व जिम्मेदारी संभाल चुके थे।

### दो कॉलेजों को बम की धमकी भरे ई-मेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के दो कॉलेजों को बुधवार को बम की धमकी भरी ई-मेल मिलने के बाद बड़े पैमाने पर सुरक्षा जांच की गई और विद्यार्थियों को परिसर से बाहर निकाला गया, हालांकि बाद में बम की धमकी अफवाह निकली। राष्ट्रीय राजधानी के उत्तरी हिस्से में स्थित रामजस कॉलेज और दक्षिण में स्थित देशबंधु कॉलेज को परिसर में बम रखे होने की धमकियां मिलीं।

बिजली में एक और राहत | मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में कैबिनेट का फैसला

# अब 400 यूनिट तक खपत वालों को भी बिल में 200 यूनिट तक 50 फीसदी की छूट

दो विधेयकों का किया गया अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में रियायत देने के साथ ही कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत देने के लिए मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान राज्य में 01 दिसम्बर 2025 से लागू है, जिसके तहत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 100 यूनिट से बढ़ाकर अब 200 यूनिट प्रति माह तक बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। यह लाभ 400 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को भी मिलेगा।

छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम, 2002 में स्थानीय लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों से क्रय को प्रोत्साहन देने तथा जेम पोर्टल में क्रय की स्पष्टता के लिए संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया। इन ▶▶| शेष पेज 7 पर



### दो विधेयकों को मंजूरी

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 में संशोधन के लिए छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना संशोधन विधेयक, 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के रिफॉर्म्स और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

### पीएम सूर्य घर पर सब्सिडी

गौरतलब है कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य शासन की ओर से सब्सिडी दी जा रही है, जिसके तहत 1 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट पर 15,000 रुपये तथा 2 किलोवॉट या उससे अधिक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 6 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा

राज्य में 200 से 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को अगले एक वर्ष तक 200 यूनिट तक बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, ताकि इस अवधि में वे अपने घरों में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करा सकें। इस तरह मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान से प्रदेश के 42 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं को मिलेगा।

एयरपोर्ट पर चेक-इन सिस्टम में गड़बड़ी, तो कहीं क्रू मेंबर्स की परेशानी

# देशभर के पांच राज्यों में 70 से ज्यादा उड़ानें रद्द!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश के कई एयरपोर्ट्स पर बुधवार सुबह चेक-इन सिस्टम अचानक ठप हो गया, जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। देश के 5 राज्यों के पांच एयरपोर्ट पर बुधवार को कहीं तकनीकी तो कहीं क्रू मेंबर्स की कमी से 70 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं। इंडिगो एयरलाइन ने बताया कि क्रू मेंबर्स और ऑपरेशन से जुड़ी दिक्कतों की वजह से इंदौर में 11, हैदराबाद में 13, बेंगलुरु में 42 फ्लाइट कैंसिल हुईं या देरी से उड़ीं। दिल्ली में भी उड़ानों पर असर हुआ है। यहां चेक इन सिस्टम फेल होना बताया गया, जिसके बाद उसे मैन्युअल कर दिया गया। वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्रियों ▶▶| शेष पेज 7 पर



### हैदराबाद एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल

तकनीकी गड़बड़ी का सबसे बड़ा असर हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखने को मिला, जहां यात्रियों की भारी भीड़ एयरलाइन हेल्पडेस्क के सामने जमा हो गई। लोग टिकट और मोबाइल फोन उठाकर स्टाफ से उड़ानों की जानकारी मांगते दिखे।

### बेंगलुरु और दिल्ली एयरपोर्ट भी प्रभावित

बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी कई उड़ानें देरी से चलीं। कम से कम 4 उड़ानें लेट अराइवल के कारण देरी का शिकार हुईं और इंडिगो की कई सेवाएं परिचालन कारणों से रद्द करनी पड़ीं। कुल मिलाकर एयरलाइन ने आज 42 उड़ानें रद्द कीं, जिनमें 22 अराइवल और 20 डिपार्चर शामिल रहीं। दिल्ली एयरपोर्ट ने भी सोशल मीडिया पर एडवाइजरी जारी कर कहा कि कुछ घरेलू एयरलाइंस परिचालन संबंधी चुनौतियों से जूझ रही हैं, जिससे शेड्यूल प्रभावित हो सकता है।

### *दिल्ली एयरपोर्ट पर पिछले महीने भी आई थी दिक्कत*

*पिछले महीने दिल्ली एयरपोर्ट पर भी ऐसा ही तकनीकी संकट आया था, जब एएमएसएस सिस्टम में खराबी के कारण 800 से ज्यादा उड़ानें देर से चली थीं। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को मैनुअली फ्लाइट प्लान बनाने पड़े थे, जिससे काम की गति काफी धीमी हो गई थी।*

### *एयरलाइंस ने दिया अपडेट*

*एयर इंडिया ने बताया कि थर्ड-पार्टी सिस्टम पूरी तरह बहाल कर दिया गया है। सभी एयरपोर्ट्स पर चेक-इन सामान्य रूप से चल रहा है। इंडिगो ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से तकनीकी दिक्कतों, भीड़भाड़ और ऑपरेशनल आवश्यकताओं की वजह से देरी और कैंसलेशन बढ़े हैं। प्रभावित यात्रियों को विकल्प उड़ान या रिफंड की सुविधा दी जा रही है।*






राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्राः 4-5 दिसंबर

# 78 साल पुराने संबंधों को मोदी और पुतिन देंगे नया आयाम कई क्षेत्र में लिखेंगे सहयोग व साझेदारी की नई इबारत




किरिल नोविकोव पहले रूसी राजदूत बनकर दिल्ली एयरपोर्ट पर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ आए। 21 दिसंबर 1947 को भारत ने विजय लक्ष्मी पंडित को पहला राजदूत बनाया था।




7 जून 1955 पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू पहली बार मॉस्को पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव और रूस के सबसे बड़े नेता निकिता ख्रुश्चेव ने किया था।




27 मार्च 1960 को पीएम नेहरू दूसरी बार सोवियत संघ गए। इस दौरान सोवियत राजदूत इवान बेनेडिक्टोव और उनकी पत्नी ने नेहरू को भेंट स्वरूप गाय की रस्सी थमाई।




9 अगस्त 1971 को पीएम इंदिरा गांधी से दिल्ली में रूस के कद्दावर नेता और विदेश मंत्री आंद्रेई ग्रॉमिको से मुलाकात हुई थी। इसी वक्त भारत-रूस के बीच मित्रता संधि हुई थी।




26 नवंबर 1988 नई दिल्ली में सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव का पीएम राजीव गांधी ने स्वागत किया। दोनों नेताओं ने 'दिल्ली घोषणापत्र' जारी किया।




25-26 जनवरी 2007 को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आए। तत्कालीन भारतीय पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के साथ उन्होंने परमाणु ऊर्जा के लिए तकनीक और संसाधन देने पर एमओयू किया।

सेंट्रल डेस्क, भोपाल की प्रस्तुति

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 साल बाद भारत के दो दिवसीय राजकीय दौरे पर नई दिल्ली आएंगे। पुतिन 4-5 दिसंबर को भारत में रहेंगे। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से उनकी बातचीत होगी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनके सम्मान में रात्रिभोज देंगी। इससे पहले वे 6 दिसंबर 2021 को 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत आए थे। भारत और रूस के बीच एक विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी है और दोनों ही राष्ट्र कई अहम मौकों पर एक-दूसरे के साथ खड़े हुए नजर आए हैं। राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा के दौरान भारत और रूस अतिरिक्त एस-400 सिस्टम और सुखोई-57 लड़ाकू विमानों को लेकर रक्षा समझौते पर बात आगे बढ़ा सकते हैं। रूस के कच्चे तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर भी वार्ता हो सकती है। राष्ट्रपति पुतिन की ये यात्रा रूस और भारत को परमाणु ऊर्जा, रक्षा क्षेत्र, अंतरिक्ष, एआई, प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा का अवसर प्रदान करेगी। बता दें, भारत का मास्को में एक दूतावास और 4 महावाणिज्य दूतावास सेंट पीटर्सबर्ग, व्लादिवोस्तोक, कजान और येकातेरिनबर्ग में हैं। वहीं, रूस का नई दिल्ली में एक दूतावास है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में 3 वाणिज्य दूतावास हैं।



11 दिसंबर 2014 को व्लादिमीर पुतिन 15वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली आए थे

## भारत और रूस के बीच राजनीतिक संबंध

1947: भारत की स्वतंत्रता से पहले, भारत और सोवियत संघ ने औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित किए।

1953: भारत-रूस द्विपक्षीय सहयोग में विस्तार और भारत के औद्योगिक संरचना की नींव की साक्षी है।

1971: दोनों देशों के बीच 'शांति, मैत्री और सहयोग की संधि' पर हस्ताक्षर हुए।

1991: सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस और भारत ने 1991 में द्विपक्षीय संबंध स्थापित किए।

2000: 'भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी घोषणा' पर हस्ताक्षर के बाद से दोनों देशों ने नियमित शिखर सम्मेलन आयोजित करना शुरू किया।

2010: इस साझेदारी को 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा दिया गया।

## 12 साल में 20 बार मिले मोदी-पुतिन

- पीएम नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साल 2014 से लेकर अब कई बार भेंट की है, जिसमें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन और बहुपक्षीय कार्यक्रमों से हटकर बैठकें शामिल हैं।
- 16 जुलाई 2014 में ब्राजील के फोर्टालेजा में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर उनकी पहली भेंट हुई।
- 1 सितंबर 2025 को 20वीं बार दोनों नेताओं ने चीन के तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय बैठक की।

## वास्को डिगामा से पहले आया निकितिन

### 1469 में रूसी व्यापारी भारत के दीव पहुंचा, दक्षिण तक गया

वास्कोडिगामा 20 मई 1498 को भारत आया था। उससे पहले 1469 में रूसी यात्री और व्यापारी अफनासी निकितिन एक घोड़े और अपनी डायरी के साथ भारत पहुंचा था। निकितिन का जन्म 1433 में वोल्गा नदी के तट पर स्थित शहर त्वेर में हुआ था। निकितन ने 1466 में त्वेर छोड़ दिया। वह पर्शिया (आज का ईरान) में घुसा, होरमुज पहुंचा और वहां से अरब सागर के रास्ते भारत पहुंचा। निकितिन की नाव सबसे पहले दीव पहुंची जिसके बाद वह गुजरात में खंबात पहुंचा। वह महाराष्ट्र की कुंडलिका नदी के मुहाने पर स्थित चौल बंदरगाह पहुंचा। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के अलीबाग शहर के दक्षिण में मुंबई से 110 किलोमीटर दूर स्थित चौल एक सामान्य गांव है।

### 3 साल तक भारत में रहा था

निकितिन तीन साल तक भारत में रहा। लौटते समय वह दाभोल से इथियोपिया गया, वहां से ईरान पहुंचा। इसके बाद उसने क्राइमिया और कीएव (मौजूदा यूक्रेन) से सड़क मार्ग से अपनी यात्रा जारी रखी। लेकिन 1472 में त्वेर पहुंचने से पहले ही रूस के स्मोलेंस्क में उसकी मौत हो गई। उसने अपनी यात्रा के बारे में एक डायरी में लिखा है। इस डायरी को 'खोजेनिये जात्रि मोर्या' यानी 'तीन सागरों के पार यात्रा' के नाम से जाना जाता है।




### निकितिन के जीवन पर बनी थी भारतीय फिल्म परदेसी

भारत और रूसी फिलम निर्माताओं ने निकितिन नके जीवन पर एक फिल्म 'परदेसी' भी बनाई जिसे साल 1957 में रिलीज किया गया। ये फिल्म रूसी भाषा में रंगीन और हिंदी में ब्लैक एंड व्हाइट में रिलीज की गई थी। इस फिल्म में नरगिस, पृथ्वीराज कपूर, बलराज साहनी, पद्मिनी जैसे बड़े कलाकारों ने काम किया और रूसी अभिनेता ओलेग स्ट्रीजेना मुख्य भूमिका में थे।

## 41 साल बाद 1900 में खुला था रूस का पहला वाणिज्य दूतावास

*भारत में एक राजनयिक मिशन को खोलने के लिए सबसे पहले रूसी अनुरोध नवंबर 1858 में किया गया था। 41 वर्ष बाद तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने रूस को भारत में अपना पहला वाणिज्य दूतावास 22 नवंबर, 1900 में बम्बई में खोलने के लिए अनुमति दी गई थी। 5 वर्ष बाद, इसे महावाणिज्य दूतावास के रूप में उन्नत किया गया था और 1910 में कलकत्ता स्थानांतरित कर दिया गया। सोवियत संघ और भारत गणराज्य के बीच राजनयिक संबंध 13 अप्रैल, 1947 को स्थापित हुए। यह तारीख ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने की तारीख 15 अगस्त 1947 से कुछ माह पहले की है। इससे पहले भारतीय क्रांतिकारी कार्यकर्ता एम.एन. रॉय वीएल लेनिन के साथ 1920 में मास्को में भेंट की और 1920 के दौरान सोवियत नेताओं के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखा। जवाहर लाल नेहरू और उनकी बहन विजय लक्ष्मी पंडित ने उनके पिता मोतीलाल नेहरू के साथ, 1917 क्रांति की दसवीं सालगिरह के समारोह के लिए पहली बार 1927 में सोवियत संघ का दौरा किया था। 1902 दो स्टीमर लाइनों को शुरू किया गया जो भारत-रूस व्यापार सेवा में सहायक रहा। 1900-1901 में भारत में आयातित मिट्टी के तेल का 90 प्रतिशत से अधिक बाकू से बाटुमी के माध्यम से बंबई आया। उसी दौरान रूस भी ब्रिटिश के बाद भारतीय चाय का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार था।*

## 23 साल में बदल गई तस्वीर




*4 से 7 नवंबर 2001 को पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की रूस में राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात हुई थी। इस दौरान रक्षा मंत्री जसवंत सिंह के साथ गुजरात के तत्कालीन सीएम और वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी पीछे खड़े हैं।*




*रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने 9 जुलाई 2024 को पीएम नरेंद्र मोदी को मॉस्को के ग्रैंड कैमलिन पैलेस में रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल प्रदान किया था।*

### आईआरआईजीसीः सरकारी मामलों का सेतु


भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी) के दो भाग हैं:- पहला- व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) जिसकी सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री (ईएएम) और रूस के प्रथम डिप्टी पीएम करते हैं; दूसरा सैन्य एवं सैन्य-तकनीकी सहयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) जिसकी अध्यक्षता दोनों देशों के रक्षा मंत्री करते हैं। दिसंबर 2021 में, द्विपक्षीय सहयोग में एक नया आयाम जुड़ा जब पहली 2+2 वार्ता (दोनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्री) का आयोजन पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर-स्तरीय वार्ता के साथ हुआ। कुछ लोग इसे भारत-रूस संबंधों की संचालन समिति भी कहते हैं।



साल 2021 में दिल्ली में पीएम मोदी और पुतिन।

### 1975 से जारी है अंतरिक्ष सहयोग

1975 में सोवियत संघ के प्रक्षेपण वाहन से भारत का पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च किया गया। 1980 में रूस ने भारत को क्रायोजेनिक इंजन तकनीक प्रदान की। 1984 में राकेश शर्मा ने सोयुज टी-11 अंतरिक्ष यान में यात्रा कर अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने। वर्तमान में मानव अंतरिक्ष मिशन, भारत का गगनयान मिशन रूस के सहयोग से आगे बढ़ रहा है, जिसमें रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस द्वारा अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण और प्रमुख तकनीकों की सहायता प्रदान की जा रही है। भविष्य में दोनों दोनों देश अपनी-अपनी नेविगेशन प्रणालियों (भारत की नाविक और रूस की ग्लोनास) की सटीकता बढ़ाने के लिए आपसी सहमति से ग्राउंड स्टेशन स्थापित कर रहे हैं।




1984 में राकेश शर्मा ने रूस में अंतरिक्ष यात्रा का प्रशिक्षण लिया

### परमाणु ऊर्जा में सहयोग




*ऊर्जा क्षेत्र रूसी-भारतीय आर्थिक साझेदारी का मुख्य क्षेत्र बना हुआ है। तमिलनाडु राज्य में, कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की इकाइयां 1 और 2 सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं। इसमें रूस के वीवीईआर-1000 रिएक्टरों का उपयोग किया गया।*
***आगे क्या:*** *परमाणु ऊर्जा संयंत्र के दूसरे (इकाई 3 और 4) और तीसरे चरण (इकाई 5 और 6) का निर्माण कार्य योजना के अनुसार जारी है। नए स्थल पर वीवीईआर-1200 रिएक्टर इकाई वाले रूसी-डिजाइन वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण पर बातचीत चल रही है।*

### इस्पात उद्योग में सहयोग




*1955 में भिलाई इस्पात संयंत्र (भिलाई, छत्तीसगढ़) की, 1958 में हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (रांची, झारखंड) के तीन में से दो संयंत्रों की और 1964 में बोकारो इस्पात संयंत्र (बोकारो, झारखंड) की स्थापना सोवियत संघ की तकनीकी सहायता से हुई थी।*
***आगे क्या:*** *भारत और रूस मशीनरी और उत्पादन सुविधाओं के आधुनिकीकरण में एक साथ काम करेंगे, खासकर उन क्षेत्रों में जहां रूसी निर्माताओं को पश्चिमी कंपनियों से आपूर्ति की कमी का सामना करना पड़ रहा है। रूस फिर से भारत के इस्पात आयात का शीर्ष स्त्रोत।*

### रक्षा क्षेत्र में सहयोग




*रूस की सहायता से भारत को हाल ही में कई शक्तिशाली हथियार मिले हैं, जिनमें भारत और रूस के सहयोग से निर्मित ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और इग्ला-एस मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हैं।*
***आगे क्या:*** *भविष्य में भारत को एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम, सुखोई एसयू-57 और एययू-35 लड़ाकू विमान, ड्रोन से निपटने के लिए पैंटसिर मिसाइल सिस्टम, हवा से हवा में मार करने वाली आर-37एम मिसाइल शामिल है।*

### व्यापार 68.72 बिलियन डॉलर




*भारत और रूस के बीच वित्तीय वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 5 लाख 97 हजार करोड़ रुपए (68.72 बिलियन डॉलर) तक पहुंचा, जो रिकॉर्ड स्तर का था। इसमें भारत का निर्यात 4.88 बिलियन डॉलर रहा और रूस ने 63.84 बिलियन डॉलर आयात किया है।*
***आगे क्या:*** *अगले पांच वर्षों में दोनों देशों ने 100 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार करने का लक्ष्य रखा है। रूस , भारत को ऑयल, पेट्रोलियम उत्पाद, उर्वरक, मिनरल फ्यूल्स, मिनरल वैक्स, कोयला, मशीनरी, स्टोन्स, मेटल्स, वुड, पल्प और पेपर प्रोडक्ट्स देता है।*

### भविष्य के समझौते




*रूस ने भारत के जहाज निर्माण और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर में पहल की पेशकश की है। जहाजों के क्रू (चालक दल) को ट्रेनिंग देने और गहरे समुद्र में रिसर्च करने जैसे मुद्दों पर भी खास ध्यान दिया गया। रूस कच्चा तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की आपूर्ति बढ़ा सकता है। दोनों देश बैंकिंग क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करेंगे और बीमा क्षेत्र में भी परस्पर तालमेल बढ़ाएगें। महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग बढ़ाने, फार्मास्यूटिकल्स, दूरसंचार उपकरण, मशीनरी, चमड़ा, ऑटोमोबाइल और रसायन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में समयबद्ध काम किए जाएंगे।*

रायपुर
गुरुवार, 4 दिसंबर 2025
अगहन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
वर्ष: 24, अंक: 136
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 27.6
न्यून. 13.4

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


03
गलत खबर चलाने वालों को लिया निशाने पर
विचार पेज
4 हथियारों की होड़ से मानवता पर खतरा




inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## बीजापुर मुठभेड़ में मारा गया दुर्दांत नक्सली कमाण्डर वेल्ला उर्फ मंगू पोड़ियाम

# बड़ी मुठभेड़, मारे गए 15 नक्सली, तीन जवान शहीद, अत्याधुनिक हथियार बरामद

*पश्चिम बस्तर डिविजन क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत गंगालूर के जंगल में बुधवार सुबह से हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 15 वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया है। भीषण मुठभेड़ में डीआरजी के तीन जवान शहीद हो गए, वहीं दो जवान घायल बताए जा रहे हैं। मुठभेड़ देर शाम तक जारी रहने की खबर है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुरक्षाबलों ने अलग अलग मुठभेड़ में मारे गए 15 नक्सलियों के शव के अलावा एसएलआर, थ्रीनॉटथ्री रायफल समेत अत्याधुनिक हथियार व विस्फोटक भी बरामद किया है। मारे गए नक्सलियों में सीवायपीसीएम व आईसी कम्पनी नम्बर दो का कमाण्डर वेल्ला उर्फ मंगू पोड़ियाम भी शामिल है। इस पर हाल ही में ग्राम पेद्दाकोरमा में तीन युवकों की हत्या का मुख्य आरोपी भी है।

■ बीजापुर-दंतेवाड़ा की सरहद में पश्चिम बस्तर डिविजन के साथ सुबह 9 बजे से मुठभेड़ चली

खास खबर

एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र यादव ने बताया कि बीजापुर व दंतेवाड़ा जिले के सरहदी इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बीजापुर व दंतेवाड़ा के अलावा एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। आईजी सुदंरराज पट्टलिंगम ने बताया कि मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है, जिला मुख्यालय लाने के बाद शव की शिनाख्त हो सकेगी।

### घायल जवानों का उपचार जारी



### इलाके की घेराबंदी की गई

बीजापुर एसपी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है। अतिरिक्त रीइन्फोर्समेंट टीमें भेजी गई है। फोर्स की बल संख्या पर्याप्त है तथा क्षेत्र को कॉर्डन कर सर्चिंग लगातार जारी है। आईजी ने बताया कि चूंकि सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है, ऑपरेशन पूर्ण होने के उपरांत विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इलाके में कई शीर्ष नक्सलियों की मौजूदगी की संभावना है।

### शहीद जवान डीआरजी के

नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के तीन जवान शहीद हुए हैं। इनमें प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी, आरक्षक दुकारू गोंडे एव जवान रमेश सोड़ी शामिल है। मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के दो जवान घायल हुए है, इनमें आरक्षक सोमदेव यादव व एएसआई जनार्दन कोर्राम शामिल है।



### नक्सलियों के पूर्ण खात्मे पर अडिग

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, बीजापुर जिले में चल रहे नक्सल-विरोधी अभियान में आज हमारे वीर सुरक्षाबलों ने 12 माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया है। क्षेत्र में लगातार सर्च और कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी है। इस मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के प्रधान आरक्षक मोनू वडड़ी, आरक्षक दुकारू गोंडे और आरक्षक रमेश सोड़ी ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। मैं इन वीर जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक-संतप्त परिजनों को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें और दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। मुठभेड़ में घायल अन्य दो जवान खतरे से बाहर हैं। उनके समुचित उपचार की व्यवस्था की ▶▶|शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### भारत में 200 देशों के 72,000 से अधिक छात्र

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि वर्तमान में लगभग 200 देशों के कुल 72,218 विदेशी छात्र भारत में अध्ययन कर रहे हैं। शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठित संस्थान (आईओएफ) का दर्जा प्रदान करने के लिए शुरू की गई।




### महिला ने चार बच्चों का दिया जन्म

**इंदौर।** इंदौर में एक दुर्लभ मामले में 29 वर्षीय एक महिला ने एक परमार्थिक अस्पताल में बुधवार को तीन लड़कियों समेत चार बच्चों को जन्म दिया। 29 वर्षीय इस महिला ने उनके अस्पताल में 'सिजेरियन ऑपरेशन' के जरिए चार बच्चों को जन्म दिया जिनमें एक लड़का और तीन लड़कियां हैं। जच्चा और चारों बच्चों की सलामती के लिए हमने सिजेरियन ऑपरेशन का फैसला किया।

### कोल्ड्रिफ के प्रवर्तक की संपत्ति ईडी ने की कुर्क

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश में कम से कम 20 बच्चों की मौत के लिए कथित तौर पर जिम्मेदार माने जा रहे कफ सिरप कोल्डरिफ के निर्माता श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के प्रवर्तक के चेन्नई स्थित दो फ्लैट धनशोधन निरोधक कानून के तहत कुर्क कर लिए गए हैं। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के कोडम्बक्कम में स्थित ये संपत्तियां जी रंगनाथन और उनके परिवार के सदस्यों के स्वामित्व वाली हैं।



### बांग्लादेशी को तीन करोड़ के सोने के साथ पकड़ा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक बांग्लादेशी व्यक्ति 3.05 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया गया। एक गुप्त सूचना के आधार पर जवानों ने मंगलवार दोपहर तुंगी सीमा चौकी के पास यह कार्रवाई की। शाम करीब पांच बजे दो लोगों को एक झील से होते हुए भारतीय सीमा की ओर आते और जलकुंभी (पानी की ऊपरी सतह में पौधे) की आड़ में छिपने की कोशिश करते देखा गया।

### अभिनेता धमेंद्र की अस्थियां गंगा में विसर्जित

**हरिद्वार।** बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र की अस्थियां को यहां गंगा में विसर्जित की गयीं। अस्थि विसर्जन कर्म से मीडिया और आम लोगों को पूरी तरह से दूर रखा गया था। धर्मेंद्र (89) का 24 नवंबर को निधन हो गया था और मुंबई में उनका अंतिम संस्कार किया गया था। पुरोहित पंडित संदीप पाराशर श्रोत्रिय ने बताया कि हरकी पौड़ी पर धर्मेंद्र की अस्थियां विसर्जित की गयीं।



## आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के निवास पर पहुंचे देश के जाने-माने संत रावतपुरा सरकार

# पूज्य पिताजी पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी जी के निधन पर सांत्वना देकर परिवार को दिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| ग्वालियर

देश के जाने-माने संत रावतपुरा सरकार बुधवार को अपने अल्प प्रवास पर ग्वालियर पहुंचे और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। रावतपुरा सरकार ग्वालियर में सिंधी कॉलोनी स्थित डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी के पैतृक निवास पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे थे। डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी की माता जी से भी रावतपुरा सरकार ने भेंट की। साथ ही शोक संतृप्त परिवार को अपनी ओर से सांत्वना ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ ग्वालियर स्थित निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने आने वाले लोगों का तांता लगा

### इन्होंने भी दी श्रद्धांजलि

बुधवार को श्रद्धांजलि देने वाले लोगों में पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, नगर निगम के सभापति मनोज तोमर ,पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कृष्ण राव दीक्षित, पार्षद अनिल सांखला, पार्षद गिरिराज सिंह कंसाना, समाजसेवी राम नारायण मिश्रा,भाजपा नेता विनय जैन, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, पूर्व सभापति नगर निगम गंगाराम बघेल आदि शामिल थे। इसके अलावा श्रद्धांजलि व्यक्त करने पहुंचने वाले लोगों में मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग के पूर्व संचालक और आईपीएस अधिकारी आशुतोष प्रताप सिंह, एसडीएम अनिल बन, आबकारी अधिकारी अंशु भदोरिया, जयारोग्य अस्पताल समूह के अधीक्षक डॉक्टर सुधीर सक्सेना, डॉक्टर माखनलाल माहौर शामिल रहे। साथ ही जनता टीवी उत्तर प्रदेश के संपादक केके उपाध्याय, स्टेट हेड टीके मिश्रा और कुणाल दीक्षित आदि शामिल थे।

## पुतिन की आज से दो दिवसीय भारत यात्रा

# रूस और भारत के बीच होंगे कई समझौते, कारोबार पर होगी बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन 4 और 5 दिसंबर को 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय 'राजकीय यात्रा' पर भारत आ रहे हैं। इस सम्मेलन में भारत और रूस के बीच कई समझौते होंगे। इससे पहले पुतिन दिसंबर 2021 में 'कामकाजी' दौरे (वर्किंग विजिट) पर भारत आए थे। पुतिन की पिछली ज्यादातर भारत यात्रा कामकाजी या आधिकारिक रही है मगर आगामी दौरा निश्चित रूप से राजकीय यात्रा होगी। रूस और भारत अपने रक्षा सहयोग मजबूत करने और व्यापार संबंधों (विशेष रूप से 'राष्ट्रीय मुद्राओं'में) का विस्तार करने के रास्ते तलाश रहे हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 4 से 5 दिसंबर तक की भारत यात्रा के दौरान उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ रूस के रक्षा मंत्री एंड्री बेलौसोव भी रहेंगे।

■ एस-400, सु-57 की खरीद पर होगी चर्चा

### टेंशन में अमेरिका यूरोप भी अपसेट

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से अमेरिका तो टेंशन में है ही, यूरोपीय देश भी अपसेट हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे ताकतवर देशों ने अजीब तरह से एक मोर्चा खोल दिया है। भारत से दोस्ती को ताक पर रखकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। भारत ने इसे अपनी संप्रभुता और कूटनीतिक शिष्टाचार पर हमला मानते हुए सख्त एतराज जताया है।

### यूक्रेन युद्ध के बाद दुर्लभ यात्रा

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन की यह विदेश यात्राओं में से एक दुर्लभ यात्रा है। पश्चिमी देश खासकर अमेरिका और यूरोप पिछले तीन सालों से पुतिन को वैश्विक मंच पर अलग-थलग करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत पुतिन का 'रेड कार्पेट' वेलकम करने को तैयार हो।

### दिल्ली बनी 'हाईटेक' सुरक्षा किला

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार से भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं। उनकी पूरी मूवमेंट को लेकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सबसे ऊंचे स्तर पर रखा गया है। पुतिन की यात्रा के लिए दिल्ली में मल्टी-ग्रिड सिक्योरिटी सिस्टम लागू किया गया है। यह सुरक्षा कवच बेहद व्यापक और अभूतपूर्व बताया जा रहा है। रूसी खुफिया एजेंसी और भारतीय सुरक्षा टीमें पिछले कई दिनों से एक जगह मिलकर सुरक्षा की हर परत की जांच कर रही हैं। राष्ट्रपति के ठहरने के स्थान पर सुरक्षा के सबसे कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## दुष्प्रभाव की कर सकेंगे शिकायत

# हर दवा दुकान पर चस्पा होगा क्यूआर कोड, हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दवा लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को निर्देश दिया है कि देशभर की खुदरा और थोक दवा दुकानों पर एक निर्धारित क्यूआर कोड और टोल-फ्री नंबर लगाया जाए, ताकि लोग दवाइयों से होने वाले किसी भी नुकसानदायक असर की जानकारी आसानी से दे सकें। सीडीएससीओ ने कहा कि इस कदम से आम लोगों और स्वास्थ्यकर्मियों को दवाओं के दुष्प्रभाव और उनसे जुड़े मामलों ▶▶|शेष पेज 7 पर



### राज्यों को पत्र

सीडीएससीओ ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दवा लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को भेजे गए एक परिपत्र में कहा, सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के दवा लाइसेंसिंग प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक खुदरा और थोक दवा दुकान में निर्धारित क्यूआर कोड को प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किया जाए।

### तुरंत कार्रवाई के निर्देश

परिपत्र के अनुसार, इसके साथ ही, प्रत्येक दवा दुकान पर क्यूआर कोड के साथ टोल-फ्री नंबर भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए। परिपत्र में आगे कहा गया, आपसे निवेदन है कि अपने क्षेत्राधिकार में इन निर्देशों के क्रियान्वयन के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू करें।

## कहासुनी के बाद उपजा था विवाद

# जीआरपी थाने में हेड कांस्टेबल ने साथी पर चलाई गोली, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

रायगढ़ रेलवे स्टेशन से बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना खबर सामने आई। यहां जीआरपी थाने में मौजूद कांस्टेबल ने अपने ही सहकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। मामला रायगढ़ रेलवे स्टेशन के अंदर मौजूद आरपीएफ थाने का है। जहां बुधवार की तड़के 4 बजे के करीब थाने के भीतर से गोली चलने की आवाज आई। हादसे की जानकारी मिलते ही आरपीएफ थाने को छावनी के रूप में तब्दील कर दिया गया ।

मामला रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर मौजूद जीआरपी थाने का है, जहां हेड कांस्टेबल ▶▶|शेष पेज 7 पर





आरोपी

### गोली की आवाज को पटाखे की समझा

रेलवे स्टेशन में मौजूद थाने के अन्य कर्मचारियों नें बताया कि सुबह के समय थाने में केवल केएस लादेर व पीके मिश्रा ही मौजूद थे। कुछ अन्य जवान स्टेशन में गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें गोली ▶▶|शेष पेज 7 पर

### चार राउंड की फायर, दो गोली कंधे व दो सिर पर


हत्यारा लदेर ने अपने ही सर्विस रिवाल्वर से सामने बैठे मृतक पर चार राउंड फायरिंग की, जिसमें से दो गोली तो सीने पर लगी, एक गोली सिर पर लगी।

## रुपया पहली बार 90 के नीचे गिरा, 90.21 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

# ऐसा पहली बार, 90.21 रुपए में एक डॉलर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपया बुधवार को पहली बार 90 प्रति डॉलर के नीचे चला गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 25 पैसे टूटकर 90.21 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो इसका अब तक का सबसे निचला स्तर है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अनिश्चितता कायम रहने और डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट थामने के लिए रिजर्व बैंक के आगे न आने से स्थानीय मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई।




### 77 साल पहले 1 रुपया = 1 डॉलर

■ 15 अगस्त 1947 को जब भारत को आज़ादी मिली, तो रुपए की कीमत अमेरिकी डॉलर के बराबर थी। भारत की बैलेंस शीट पर कोई विदेशी उधार नहीं था।
■ 1920 के दशक में रुपए की क्रय शक्ति मजबूत थी, लेकिन उस वक्त भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था। तब मुद्रा का मूल्य सोने और चांदी से जुड़ा हुआ था।
■ 1947 स्वतंत्रता के बाद भारत ने मुद्रा को स्थिर रखने के लिए मौद्रिक नीतियां अपनाईं। उस वक्त एक अमेरिकी डॉलर एक रुपये के बराबर था।

### इकानॉमी के लिए ठीक नहीं ये गिरावट

गौरतलब है कि जब किसी देश की करेंसी तेजी से टूटती है, तो इसे उस देश की इकानॉमी के लिए ठीक नहीं माना जाता है। ऐसे में रुपया में गिरावट पर ब्रेक लगाने के लिए तत्काल कदम उठाना बेहद जरूरी है। इसके तमाम तरह के नुकसान देखने को मिलते हैं, जिनमें महंगाई बढ़ने का जोखिम सबसे आगे है।

### कब रुपया डॉलर से जुड़ा

1971 में रुपये का ब्रिटिश मुद्रा से संबंध टूट गया और इसे सीधे अमेरिकी डॉलर से जोड़ दिया गया। 1975 में भारतीय रुपए का मूल्य एक डॉलर के मुकाबले 8.39 आंका गया था। 'यूएस डॉलर टू इंडियन रुपी' टॉपिक पर गूगल पर भी खूब सर्च किया गया।

### 18 साल स्थिर रहा रुपया

आजादी के बाद भारत ने एक निश्चित दर वाली मुद्रा प्रणाली को अपनाने का फ़ैसला किया था। 1948 से 1966 के बीच डॉलर के मुक़ाबले रुपया 4.79 पर स्थिर था। लगातार दो युद्धों 1962 में चीन के साथ और 1965 में पाकिस्तान के साथ ने भारत के बजट पर भारी घाटा दिया, जिससे सरकार को डॉलर के मुकाबले मुद्रा का अवमूल्यन कर 7.57 पर लाना पड़ा।

## रेलवे ने किया नियमों में बदलाव

*नई दिल्ली। अभी हाल ही में इंडियन रेलवे ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग नियमों में कुछ बदलाव किए हैं और अब ऑफलाइन रिजर्वेशन काउंटर से तत्काल टिकट लेने वालों के लिए नियमों में परिवर्तन किया गया है। रेलवे ने काउंटर पर जारी किए गए टिकटों के लिए एक ओटीपी-बेस्ड ऑथेंटिकेशन सिस्टम शुरू किया है। यानी अगर आप रिजर्वेशन काउंटर से तत्काल टिकट लेते हैं तो इसके लिए पहले आपको ओटीपी शेयर करनी होगी। इसके जरिए रेलवे, टिकट बुक करने की पूरी प्रक्रिया को ट्रांसपेरेंट और सुरक्षित बनाना चाहता है।*

### रेलवे काउंटर पर ओटीपी-बेस्ड ऑथेंटिकेशन सिस्टम शुरू

# अहम फैसला, तत्काल में विंडो टिकट लेने पर भी ओटीपी होगा जरूरी

**पायलट प्रोजेक्ट के बाद हुआ लागू :** इंडियन रेलवे ने इस नए रूल को लागू करने से पहले 17 नवंबर 2025 से रिजर्वेशन काउंटर पर बुक किए गए तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी सिस्टम का पायलट ट्रायल शुरू किया था। पायलट फेज में, इस सिस्टम को 52 ट्रेनों में लागू किया गया था और इसके सफल होने के बाद अब इसे पूरी तरह से लागू करने की तैयारी चल रही है।

### ऐसे होगा सत्यापन

रेलवे ने 17 नवंबर 2025 को रिजर्वेशन काउंटरों से बुक होने वाले तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी आधारित प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। फिलहाल यह व्यवस्था 52 ट्रेनों तक विस्तारित की जा चुकी है। इस सिस्टम के तहत जब यात्री रिजर्वेशन फॉर्म भरकर तत्काल टिकट बुक करते हैं तो उनके द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाता है। इसमें यात्रियों का टिकट तभी सुनिश्चित हो पाता है जब ओटीपी का सफल सत्यापन हो जाता है। यानी, नए नियम के आने के बाद काउंटर पर तत्काल टिकट बुक करने वाले पैसेंजर को अपने फॉर्म पर अपना मोबाइल नंबर देना होगा। इसी मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। काउंटर स्टाफ के सही ओटीपी वेरिफाई करने के बाद ही टिकट बुक होगा।

### टिकट बुकिंग प्रक्रिया को ट्रांसपेरेंट और सुरक्षित बनाने में मिलेगी मदद




**गलत इस्तेमाल रोकने में मिलेगी मदद**

रिपोर्ट के अनुसार रेल मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि रेलवे अब यह सिस्टम बाकी सभी ट्रेनों में लागू कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि इससे तत्काल टिकट का गलत इस्तेमाल रुकेगा और यह पक्का होगा कि सच में जरूरतमंद पैसेंजर आसानी से टिकट ले सकें। यह कदम रेलवे टिकटिंग को और ज्यादा ट्रांसपेरेंट, सुरक्षित और आसान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। रेलवे के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में सभी ट्रेनों के तत्काल काउंटर टिकटों के लिए ओटीपी आधारित सिस्टम लागू होगा। इसका उद्देश्य तत्काल सुविधा का दुरुपयोग और दलालों पर लगाम लगाकर यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराना है।

### यात्रियों को मिलगी बेहतर सुविधा

आने वाले दिनों में यह ओटीपी आधारित तत्काल रिजर्वेशन सिस्टम सभी शेष ट्रेनों पर लागू कर दिया जाएगा। यह कदम रेलवे टिकटिंग में पारदर्शिता, यात्री सुविधा और सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

---

**सरकार का यू-टर्न!**

**विपक्ष के जबरदस्त विरोध के बाद पलटा फैसला**

# फोन में संचार साथी ऐप प्री-इंस्टॉल करने का आदेश वापस

**स्मार्टफोन कंपनियों को बड़ी राहत | कांग्रेस ने लगाया था जासूसी का आरोप**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संचार साथी ऐप पर छिड़े विवाद के बीच आखिरकार केंद्र सरकार ने अपना आदेश वापस दे लिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सरकारी संचार साथी ऐप को अनिवार्य रूप से प्रीलोड करने का दिया गया अपना आदेश वापस ले लिया है। बता दें कि सरकार ने स्मार्टफोन कंपनियों को हर फोन में संचार साथी ऐप प्री-इंस्टॉल करने का आदेश दिया था। यह फैसला, यूजर प्राइवेसी और संभावित जासूसी से जुड़ी चिंताओं के बाद लिया गया है। दूरसंचार मंत्रालय द्वारा जारी आज एक प्रेस रिलीज में कहा गया, 'संचार साथी की बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए सरकार ने मोबाइल निर्माताओं के लिए प्री-इंस्टॉलेशन को अनिवार्य ना करने का फैसला लिया है।'




### यह दिया था आदेश

आपको बता दें कि 28 नवंबर को दूरसंचार विभाग ने आदेश दिया था कि स्मार्टफोन निर्माताओं और इंपोर्टर्स को नए फोन्स में संचार साथी ऐप प्री-इंस्टॉल करना होगा। इसके अलावा पुराने फोन्स में भी सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए ऐप इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया। इस आदेश में कहा गया था कि ऐप को ना तो डिसेबल और डिलीट किया जा सकता है। आपको बता दें कि संचार साथी एक सरकारी साइबर सुरक्षा ऐप है। इसके जरिए यूजर्स फ्रॉड कॉल्स, मैसेज और चोरी हुए मोबाइल फोन्स की शिकायत कर सकते हैं।

### जासूसी संभव नहीं : सिंधिया



*दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि जरूरत पड़ने पर सरकार बदलाव करने के लिए तैयार है। सिंधिया ने संसद में कहा, 'हमें मिले फीडबैक के आधार पर अगर आदेश में बदलाव की जरूरत पड़ी तो हम करेंगेहम संशोधन के लिए तैयार हैं।' निगरानी से जुड़ी चिंताओं पर उन्होंने कहा कि जासूसी ना तो संभव है और ना ही की जाएगी। इसके पहले मंगलवार को भी बवाल के बाद सिंधिया ने स्पष्ट किया था कि यूजर्स चाहें तो संचार साथी ऐप को डाउनलोड करें या चाहें तो डिलीट कर सकते हैं। टेलिकॉम मंत्री सिंधिया ने कहा कि ऐप से किसी की जासूसी नहीं होगी।*

**एप्पल-गूगल ने किया था विरोध**

बता दें कि दुनिया के दो सबसे पॉप्युलर ऑपरेटिंग सिस्टम-आईओएस और ऐंड्रॉयड की निर्मता ऐप्पल और गूगल सरकार के इस आदेश के विरोध में थीं। इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से बताया था कि प्राइवेसी और सिस्टम सिक्यॉरिटी के चलते ऐप्पल-गूगल ने इस सरकारी आदेश को मानने से इनकार कर दिया था।

---

### विस चुनाव जीतना है, अभी से काम शुरू करें : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसदों ने बुधवार को मुलाकात की और 2026 के चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की। संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को तीसरा दिन है। उन्होंने सांसदों से कहा कि राज्य के मौजूदा हालात को लेकर जनता से बातचीत की जरूरत है। जमीनी स्तर पर जो कुछ हो रहा है, उसका कड़ा विरोध करना चाहिए।

### चीन का पहला रीयूजेबल रॉकेट लॉन्च फेल

**बीजिंग।** चीन की लीडिंग प्राइवेट स्पेस कंपनी लैंडस्पेस ने 3 दिसंबर को अपना पहला रीयूजेबल रॉकेट जेडक्यू-3 Y1 लॉन्च किया। रॉकेट ने सफलतापूर्वक ऑर्बिट हासिल की, लेकिन फर्स्ट स्टेज बूस्टर की लैंडिंग के दौरान खराबी आ गई। यह रिकवरी साइट के ऊपर फट गया। यह चीन का पहला ऐसा प्रयास था जहां रीयूजेबल रॉकेट को ऑर्बिट में भेजा गया।

---

# एआई डीप फेक, फेक न्यूज पर शिकंजा, सरकार ने बताया प्लान

**कड़े नियम लाने की हो गई है तैयारी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर तैरने वाले एआई से बने डीपफेक और फेक न्यूज का मुद्दा बुधवार को संसद के पटल पर रखा गया। इस पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा को बताया कि सोशल मीडिया और फेक न्यूज को लेकर उठाया गया मुद्दा बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज भारत की लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर रही है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, गलत जानकारी और एआई से तैयार डीपफेक पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वैष्णव ने ये भी कहा कि सोशल मीडिया के इस्तेमाल के तरीके से कुछ ऐसे इकोसिस्टम बन गए हैं जो भारत के संविधान का पालन करने या संसद द्वारा बनाए गए कानूनों का अनुपालन करने के इच्छुक नहीं दिखते। इस पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई करने और अधिक मजबूत नियम बनाने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया।



### सोशल मीडिया ने दिया बड़ा मंच

उन्होंने कहा कि फेक न्यूज और सोशल मीडिया से जुड़े मुद्दों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा के बीच नाजुक संतुलन बनाना पड़ता है। सरकार इस संतुलन को पूरी संवेदनशीलता के साथ बनाए रखते हुए काम कर रही है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया पहल ने बड़ा बदलाव लाया है और तकनीक को लोकतांत्रिक बनाया है, जिसके सकारात्मक प्रभावों को स्वीकार करना चाहिए। सोशल मीडिया ने हर नागरिक को एक मंच दिया है। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सरकार संस्थाओं को मजबूत बनाने और समाज की नींव बनने वाले विश्वास को कायम रखने की दिशा में काम कर रही है।

### 36 घंटे के अंदर कंटेंट हटाने की व्यवस्था

संसद में एक सवाल के जवाब में वैष्णव ने बताया कि हाल ही में नए नियम लागू किए गए हैं, जिनमें 36 घंटे के अंदर कंटेंट हटाने की व्यवस्था भी शामिल है। एआई से बने डीपफेक की पहचान कर उन पर जरूरी कार्रवाई के लिए एक ड्राफ्ट नियम भी जारी किया गया है। इस पर फिलहाल विचार-विमर्श चल रहा है। मंत्री ने संसदीय समिति के काम की सराहना की और निशिकांत दुबे समेत सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने कानूनी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए अहम सिफारिशों वाली विस्तृत रिपोर्ट पेश की।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका — सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुटमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम — दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

---

**सुप्रीम कोर्ट में दिया आश्वासन**

# बांग्लादेश भेजी गर्भवती को वापस लाएगा केंद्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष बांग्लादेश भेजी गई गर्भवती महिला सुनाली खातून और उसके 8 साल के बेटे (साबिर) को मानवीय आधार पर भारत वापस लाने को कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने आश्वासन दिया। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, एसजी ने कहा, 'मानवीय आधार पर सुनाली खातून और उनके बेटे साबिर को हमारी दलीलों और उन्हें निगरानी में रखने के हमारे अधिकार के प्रति पूर्वाग्रह के बिना प्रक्रिया का पालन करते हुए यहां लाया जाएगा।' बेंच ने आज अपने आदेश में कहा, 'सॉलिसिटर जनरल ने सूचित किया कि केवल मानवीय आधार पर, भारत संघ सोनाली खातून को उनके 8 साल के बेटे साबिर के साथ भारत वापस लाने के लिए सहमत हो गया है।



### बच्चे का सही से रखा जाए ख्याल

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा, 'प्रतिवादियों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने सुझाव दिया कि उसे बीरभूम जिले में उस शहर में भेजना सही होगा जहां उसके पिता रहते हैं। चीफ मेडिकल ऑफिसर को सोनाली को सभी मेडिकल सुविधाएं देने का निर्देश दिया जाता है। चिकित्सा सुविधाओं का खर्च राज्य सरकार द्वारा फ्री में उठाया जाएगा।

---

**दिल्ली एमसीडी उपचुनाव में उलटफेर**

# भाजपा को 2 सीटों का नुकसान आप को 3, कांग्रेस का खुला खाता



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में सत्ता का सेमीफाइनल हो गया। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्ड में हुए उपचुनाव के नतीजे आ गए। एमसीडी उपचुनाव में भाजपा को घाटा हुआ है, जबकि कांग्रेस को फायदा हुआ है। आम आदमी पार्टी की स्थिति जस की तस बनी हुई है। भाजपा 7 सीटों पर जीतने में कामयाब रही है। पिछली बार से 2 सीट कम है। 30 नवंबर को जिन 12 वार्ड में मतदान हुआ था, उनमें से नौ वार्ड पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जबकि बाकी पर आम आदमी पार्टी (आप) के निगम पार्षद थे। कहा जा सकता है, एमसीडी यानी दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों में हुए उपचुनावों भाजपा का दबदबा बरकरार रहा। हालांकि, 2 सीटें कम हो गईं।

**51 उम्मीदवारों का फैसला**

एमसीडी उपचुनाव के लिए मतगणना आज यानी तीन दिसंबर (बुधवार) सुबह आठ बजे से हुई। 12 वार्ड में हुए उपचुनाव में 51 उम्मीदवारों के भविष्य का फैसला हुआ।

हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट — रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अहलूवालिया हॉस्पिटल — 81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre — वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर — डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist) | डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
उपलब्ध सुविधायें : एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें : मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर — डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology) | डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in | रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2001 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध — ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ — राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव 11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130



# आमिर ने अनाउंस की अगली फिल्म हैप्पी पटेल : खतरनाक जासूस

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की अगली फिल्म का ऐलान हो गया है। मिस्टर परफेक्शनिस्ट इस बार एक जासूसी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस'। एक मजेदार अनाउंसमेंट वीडियो के साथ फिल्म का ऐलान किया गया है। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी वीर दास के कंधों पर है। इसमें वे लीड रोल भी अदा करेंगे। उनके साथ मोना सिंह नजर आएंगी। यह फिल्म जनवरी में रिलीज होने वाली है। आमिर खान प्रोडक्शंस के इंस्टाग्राम अकाउंट से अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या बनाया' से 'क्या बनाया' तक कॉमेडी, एक्शन, रोमांस और कुछ जासूसी चीजों के वाइल्ड राइड के लिए तैयार हो जाइए।

लाइफ Style

# जान्हवी

## गलत खबर चलाने वालों को लिया निशाने पर



अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने सेलेब्स की मौतों को सनसनीखेज बनाने के लिए सोशल मीडिया और मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। अपनी मां श्रीदेवी और हाल ही में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन का जिक्र करते हुए, जान्हवी ने गलत खबर चलाने वालों को भी निशाने पर लिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी ने सेलेब्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की, जब उनकी जिंदगियां सार्वजनिक हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मीडिया का माहौल अक्सर हानिकारक सुर्खियों और कहानियों को बढ़ावा देता है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए जान्हवी ने ये भी कहा कि कहीं न कहीं इस समस्या के लिए सेलेब्रिटीज भी जिम्मेदार हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि हमने देखा कि धरमजी के साथ क्या हुआ और ऐसा पहले भी कई बार हुआ है। मुझे यकीन है कि यह और भी बदतर होगा। मुझे लगता है कि हम इस समस्या का हिस्सा हैं। हर बार जब हम वीडियो, हेडलाइन या कहानियां - व्यूज़, कमेंट्स, लाइक्स - देते हैं, तो हम इस संस्कृति को बढ़ावा दे रहे होते हैं। जान्हवी ने कहा कि मीडिया में जिस तरह से मेरी मां के निधन को दिखाया गया, उससे मेरा दुःख और भी गहरा हो गया। जब मैंने अपनी मां को खोया, तो यह बहुत बुरा था। मुझे नहीं पता कि आप सब सोच भी सकते हैं कि अपने किसी इतने करीबी को खोना और उसे मीम बनते देखना कैसा होता है। मुझे यह भी नहीं पता कि इसे कैसे समझाऊं, लेकिन यह और भी बुरा हो गया है। मैं मां के निधन के बारे में सार्वजनिक रूप से बात करने से बचती हूं, इस डर से कि लोग सोचेंगे कि वह सुर्खियां बटोरने के लिए इसका इस्तेमाल कर रही हैं।

टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 प्रोमो: बिगड़े बच्चों की पैरेंट्स टीचर मीटिंग

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स 3' के प्रोमो में दिखाया गया है कि भारती सिंह कहती हैं कि इस सीजन के बिगड़े हुए बच्चे (ईशा मालवीय, अभिषेक कुमार, समर्थ जुरैल और ईशा सिंह) की पैरेंट्स टीचर मीटिंग होगी। शो में ईशा सिंह की मां, समर्थ जुरैल के पिता, अभिषेक के पिता और ईशा की मां आती हैं। ये देखकर सभी हैरान रह जाते हैं। इसके बाद भारती सिंह ईशा मालवीय की शिकायत करते हुए उनकी मां से कहती हैं कि उन्होंने कोई काम नहीं किया है। इधर से उधर घूमती रहती है। इस पर वो कहती हैं, 'मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि नालायक लड़की को पैदा किया, कुछ बाना नहीं आ रहा।'इसके बाद समर्थ के पापा से कृष्णा अभिषेक कहते हैं कि आप क्या ढूंढ रहे हैं तो वो बोलते हैं कि मैदा। इस पर वो मौज लेते हुए कहते हैं, 'अपना बेटा ठीक से नहीं किया पैदा, ढूंढ रहे हो मैदा।' 'लाफ्टर शेफ्स' का तीसरा सीजन पिछले महीने से ऑनएयर हो रहा है। आप इसे कलर्स चैनल और जियो हॉट स्टार पर देख सकते हैं। ये शनिवार और रविवार को रात 9 बजे कलर्स चैनल पर आता है। इस सीजन में तेजस्वी प्रकाश, करण कुंद्रा, समर्थ जुरैल, अभिषेक कुमार, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, ईशा सिंह, विवियन डिसेना, ईशा मालवीय, एल्विश यादव, जन्नत जुबैर, अली गोनी, गुरमीत चौधरी और देबीना बनर्जी हैं।

## बहरीन की मस्जिद पहुंचीं मन्नारा



**नई दिल्ली।** बीते दिन सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ दुबई की एक मस्जिद में गई थीं, जिसके बाद उनकी खूब आलोचना हुई थी। और अब मन्नारा चोपड़ा अपनी मां के साथ अबाया पहने बहरीन की एक मस्जिद में पहुंची, जहां से ढेरों तस्वीरें शेयर कीं, जिस पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कोई उन्हें खूबसूरत बता रहा है तो कोई उन्हें राम मंदिर जाने की नसीहत दे रहा है। मन्नारा चोपड़ा, जो कि प्रियंका चोपड़ा की कजिन हैं, 'बिग बॉस 17' में नजर आई थीं और दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई थी। उन्होंने साउथ की फिल्मों में अभिनय किया और अब मुंबई में शिफ्ट हो गई हैं। हाल ही में इन्होंने अपने पिता को खोया था, और कुछ समय के लिए ये लाइलाइट से दूर हो गई थीं।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल संग फिर नजर आईं श्रद्धा...



**मुंबई।** श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी इन दिनों सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। एक प्यारा सा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें श्रद्धा अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल को अपने हाथों से मीठा खिलाती नजर आ रही हैं। दोनों मुंबई में एक नए रेस्तरां में साथ दिखे। उनकी क्यूट केमिस्ट्री देखकर फैंस बहुत खुश हो रहे हैं। इस वायरल वीडियो में श्रद्धा बहुत खुश नजर आ रही हैं और राहुल को प्यार से खाना खिलाते हुए उनकी स्माइल सबका दिल जीत रही है। यह वीडियो देखते ही देखते इंटरनेट पर श्रद्धा के फैंस के बीच वायरल हो गया है। श्रद्धा और राहुल के इस वीडियो पर फैंस लाल दिल वाली इमोजी बना रहे हैं। श्रद्धा ने हाल ही में अपने फैंस को बताया कि उन्होंने एक फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अभी उसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, इसलिए वे ज्यादा डिटेल नहीं बता सकतीं, लेकिन जल्द ही अच्छी खबर आएगी।

# कमाल के एक्टर ही नहीं, फैशन गाइड भी थे देव आनंद

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार देव आनंद के अभिनय और अंदाज के बारे में तो लोग बातें करते ही हैं, साथ ही उनकी दीवानगी के किस्सों पर भी खूब बातें हुआ करती हैं। कहा जाता है कि उन पर काले कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। देव आनंद शानदार अभिनेता, प्रतिभाशाली निर्देशक और निर्माता थे। 60 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री में रोमांस, स्टाइल और दिल को छूने वाले किरदार निभाने वाले देव आनंद यारों के यार थे।



## 65 रुपए की पगार पर की नौकरी

देव आनंद ने करीब छह दशक तक इंडस्ट्री पर राज किया। उनका जन्म 26 सितंबर 1923 को पंजाब के शंकरगढ़ में हुआ था। देव आनंद का असली नाम धर्मदेव पिशोरिमल आनंद था, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में सिर्फ देव आनंद के नाम से जाना गया। देव साहब के घर वाले उन्हें चीरू कहकर बुलाते थे। देव आनंद बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। अंग्रेजी साहित्य में पढ़ाई करने के बाद 1940 की शुरुआत में देव आनंद एक्टर बनने का सपना लेकर मुंबई चले आए। यहां उन्होंने चर्चगेट पर मिलिट्री सेंसर के ऑफिस में 65 रुपए की पगार पर नौकरी की, इसके बाद उन्होंने एक अकाउंटिंग फर्म में 85 रुपए प्रति माह की नौकरी बतौर क्लर्क की। इसके बाद वह अपने बड़े भाई चेतन आनंद के साथ जुड़ गए और इंडियन पीपुल थिएटर एसोसिएशन (आईपीटीए) के सदस्य बन गए।

## 1946 से शुरू हुआ अभिनय सफर

देव आनंद की पहली फिल्म 'हम एक हैं' (1946) थी। देव आनंद के बारे में कहा जाता है कि वह इतने हैंडसम थे कि उन्हें फिल्में भी यूं ही मिल जाया करती थीं। एक सांस में लंबी डायलॉग डिलीवरी और एक तरफ झुक कर चलने का उनका खास अंदाज लोगों को बहुत पसंद आता था। देव आनंद ने अपने करियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। 1946 से 2011 तक देव आनंद ने सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहते हुए लगभग 19 फिल्मों का निर्देशन किया और अपनी 13 फिल्मों की कहानी खुद लिखी। बतौर अभिनेता देव आनंद की सबसे अधिक चर्चित फिल्में थीं 'गाइड', 'जिद्दी', 'काला पानी', 'हरे कृष्णा हरे रामा' और 'मुनीम जी। फिल्म गाइड आज भी दर्शकों को पसंद है। इस फिल्म के जरिए पहली बार लिव इन रिलेशनशिप को पर्दे पर दिखाया गया था। यह देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म थी, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का फिल्म फेयर अवॉर्ड भी मिला।



## निभाया था गुरु दत्त से किया वादा

देव साहब को एक्टिंग और डायरेक्शन में महारत हासिल थी। वर्ष 1949 में उन्होंने नवकेतन फिल्म्स के नाम से अपनी प्रोडक्शन कंपनी की शुरू की। गुरु दत्त को ब्रेक देने का श्रेय भी देव साहब को ही दिया जाता है। इसके पीछे एक दिलचस्प किस्सा है। 1940 के आसपास की बात है। देव आनंद एक्टर बनने मुंबई आए थे। एक फिल्म के सिलसिले में उन्हें प्रभात स्टूडियो जाना था। उस इलाके में एक ही लॉन्ड्री थी, जहां देव आनंद अपने कपड़े धुलवाया करते थे। उस दिन जब वे लॉन्ड्री पहुंचे तो उनके कपड़े गायब थे। देव, दूसरे कपड़े पहनकर स्टूडियो पहुंचे। वहां जाकर देखा कि एक लड़के ने उनके वही कपड़े पहने थे, जो लॉन्ड्री से गायब हुए थे।

## ज्यादातर लोगों ने उनकी स्टाइल की कैप पहनना शुरू कर दी थीं

देव आनंद को उनके रोमांटिक रोल और जबर्दस्त स्टाइल के लिए जाना जाता था। उनकी चेक प्रिंटिड कैप का प्रभाव आने वाली पीढ़ी पर खूब पड़ा था। देव आनंद का लुक बेहद यूनिक था। अपने स्टाइल से वे लोगों के बीच फैशन 'गाइड' भी बन गए थे। ज्यादातर लोगों ने उनकी स्टाइल की कैप पहनना शुरू कर दी थीं और आज भी सिलसिला जारी है। उन्हें लेकर एक बात खूब कही जाती है कि फिल्म 'काला पानी' के बाद कोर्ट की तरफ से उनके काले कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। कथित तौर पर काले कपड़ों में वे इतने जंचते थे कि लोग फिदा हो जाते थे। खासकर युवतियां उन्हें  हालांकि, कई मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे भी किए गए कि यह सिर्फ अफवाह मात्र थी, मगर इतनी ज्यादा प्रचारित हुई कि इसे हकीकत माना जाने लगा।

## इस बार बेटी के साथ मनाएंगी क्रिसमस



**मुंबई।** कियारा आडवाणी ने हाल ही में अपनी बेटी के नाम से पर्दा उठाया था। उन्होंने अपनी बेटी का नाम सरायाह मल्होत्रा रखा है। वहीं, अब क्रिसमस से पहले कियारा ने सोशल मीडिया पर क्रिसमस ट्री की एक झलक शेयर कर अपने दिल की बात बताई है। कियारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें एक क्रिसमस ट्री दिखाई दे रहा है।

## एक्टिंग के खिलाफ था जिम्मी का परिवार



**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने फिल्मों में चुनिंदा किरदार किए हैं। परिवार के खिलाफ जाकर उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा। शुरुआत में उन्हें फिल्मों में छोटे लेकिन दमदार किरदार मिले। इन किरदारों की तारीफ हुई और इनसे उन्हें पहचान मिली। बॉलीवुड के साथ उन्होंने पंजाबी फिल्मों में खूब नाम कमाया है।



चिंतन

# पुतिन का भारत दौरा ट्रंप को कड़ा संदेश

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार से दो द्विवसीय दौरे पर भारत आ रहे हैं। उनकी यह यात्रा कई मायनों में काफी अहम मानी जा रही है। उनका यह दौरा जहां यूक्रेन युद्ध और एशिया में शक्ति संतुलन के लिए खास माना जा रहा है, वहीं यह एक तरह से अमेरिका को भी कड़ा संदेश है। चूंकि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अमेरिका ने पाकिस्तान को ज्यादा तवज्जो दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ असीम मुनीर से व्हाइट हाउस में मुलाकात कर चुके हैं, जबकि भारत को लेकर ट्रंप की तरफ से हमेशा नकारात्मक बयान ही सामने आ रहे हैं। हाल ही में ट्रंप ने रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भी भारत पर 50 फीसदी टैरिफ भी लगा दिया था, जो अमेरिका के किसी भी देश पर लगाए गए टैरिफ में सबसे ज्यादा है। वहीं, भारत रूस से तेल न खरीदे, इसके लिए भी दबाव बनाया गया। ऐसे समय में पुतिन की भारत यात्रा को अमेरिका के लिए जवाब के तौर भी देखा जा रहा है। पुतिन के दौरे को देखते हुए राजधानी दिल्ली हाईअलर्ट पर है। दूसरी तरफ, पुतिन के आने से पहले ही भारत को एक खुशखबरी देते हुए रूस की संसद के निचले सदन स्टेट डूमा ने भारत के साथ हुए महत्वपूर्ण सैन्य समझौते रेसिप्रोकल सपोर्ट ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट (आरईएलओएस) को भी मंजूरी दे दी। यह निर्णय राष्ट्रपति की होने वाली नई दिल्ली यात्रा से ठीक पहले लिया गया है, जिसे द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। भारत और रूस के संबंधों का अपना एक इतिहास है। 1971 की भारत–सोवियत मैत्री संधि दोनों देशों की दोस्ती का सबसे बड़ा उदाहरण है। इतना ही नहीं, रूस ने हमेशा से ही भारत को सैन्य तकनीक और हथियार देने में संकोच नहीं किया। रूस ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में सहयोग तो किया ही है, साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी बेहद अहम है। दुनिया बदली है, दोस्त बदले हैं लेकिन भारत और रूस के बीच पुराने कूटनीतिक रिश्तों का भरोसा आज भी साफ नजर आता है। पुतिन की यात्रा के दौरान भारत-रूस के बीच ब्रह्मोस के नए वेरिएंट पर समझौते के साथ-साथ एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम पर भी चर्चा संभव है। दोनों देश नए हेलीकॉप्टर, फाइटर जेट, परमाणु ऊर्जा, चिप्स, आईटी, साइबर सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने पर भी समझौते कर सकते हैं। रूस और भारत के संबंध आजमाए और परखे हुए हैं। कई मौकों पर रूस भारत के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। बदलते वक्त के दौर में भी भारत और रूस एक-दूसरे के बेहद करीब आए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कुछ माह पहले रूस की यात्रा की थी। इस दौरान पुतिन के साथ उनकी गजब केमिस्ट्री देखने को मिली थी। मोदी ने उन्हें अपना सबसे करीबी दोस्त बताया था। रक्षा से लेकर व्यापार, स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप तक में दोनों देश हमेशा एक-दूसरे के साथ रहे हैं। पुतिन का भारत आना इस रिश्ते की और मजबूती का संकेत देता है। उनकी यात्रा से संदेश साफ है कि रूस आज भी एशिया में अपने सबसे पुराने दोस्त के साथ मजबूती के साथ खड़ा है और संबंधों को गहरा करना चाहता है। यह समय ऐसा है जब पश्चिमी देशों के साथ रूस के संबंध सामान्य नहीं कहे जा सकते हैं। ऐसे समय में एशिया और उसमें भी खासकर भारत-रूस की दोस्ती का महत्व और भी बढ़ जाता है।



सिपरी रिपोर्ट

सुनील कुमार महला

# हथियारों की होड़ से मानवता पर खतरा

**आज के समय में दुनियाभर में बढ़ते हथियारों का जखीरा केवल सुरक्षा का ही सवाल नहीं है, बल्कि यह मानवता के भविष्य पर एक गंभीर खतरा भी है। कोई भी देश हथियार इसलिए खरीदते हैं, ताकि वे अपनी सीमाओं की रक्षा कर सकें, रणनीतिक बढ़त बनाए रख सकें और बदलते भू–राजनीतिक हालात में खुद को एक मजबूत राष्ट्र दिखा सकें, लेकिन यही हथियारों की दौड़ कई बार तनाव बढ़ाकर युद्धों की जमीन तैयार करती है,जोकि ठीक नहीं है। इससे बड़े पैमाने पर विस्थापन, भूख और मानवीय संकट पैदा हो रहे हैं। विश्व समुदाय को हथियारों की इस अंधाधुंध दौड़ को रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे, ताकि मानवता को बड़े संकट से बचाया जा सके।**

दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। वास्तव में, आज के समय में दुनियाभर में बढ़ते हथियारों का जखीरा केवल सुरक्षा का ही सवाल नहीं है , बल्कि यह मानवता के भविष्य पर एक गंभीर खतरा भी है। कोई भी देश हथियार इसलिए खरीदते हैं, ताकि वे अपनी सीमाओं की रक्षा कर सकें, रणनीतिक बढ़त बनाए रख सकें और बदलते भू-राजनीतिक हालात में खुद को एक मज़बूत राष्ट्र दिखा सकें, लेकिन यही हथियारों की दौड़ कई बार तनाव बढ़ाकर युद्धों की जमीन तैयार करती है,जोकि ठीक नहीं है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हथियारों पर होने वाला भारी खर्च शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पानी, जलवायु संरक्षण और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों से धन को खींच लेता है, और इसका असर कहीं न कहीं देश के विकास और अर्थव्यवस्था व इसके निवासियों पर भी पड़ता है। क्या यह बड़ी बात नहीं है कि आज के समय में दुनिया के विभिन्न शक्तिशाली व संपन्न देश इसका इस्तेमाल अपने आर्थिक लाभ, वैश्विक प्रभाव दिखाने और उद्योगों में बढ़त के लिए करते हैं, जबकि छोटे देश किसी दबाव में आकर या सुरक्षा के डर से हथियारों की इस अंधी दौड़ में शामिल हो जाते हैं।

इसका नतीजा यह है कि दुनिया एक ऐसी दिशा में बढ़ रही है, जहां भरोसा कम और अविश्वास ज्यादा है। वास्तव में, यह बात ठीक है कि हथियार किसी देश को सुरक्षा दे सकते हैं, लेकिन स्थायी शांति नहीं। असली सुरक्षा संवाद, विश्वास, सहयोग और संतुलित विकास से मिलती है, न कि विनाशकारी हथियारों की बढ़ती संख्या से। वास्तव में, यह इसलिए दुनिया का खतरनाक कदम है, क्योंकि यह मानवता को सुरक्षा नहीं, बल्कि असुरक्षा की ओर धकेल रहा है। हथियारों की होड़ अंततः दुनिया में असंतुलन पैदा करती है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की नई रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। सरल शब्दों में कहें तो दुनिया भर में हथियारों की खरीद-फरोख्त लगातार बढ़ रही है, और यह कोई अच्छी खबर नहीं है। रिपोर्ट बताती है कि कई देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। कहीं सीमा विवाद है, कहीं शक्ति दिखाने की होड़, तो कहीं सुरक्षा का डर। दुनिया में इस समय कई देशों के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। एशिया में भारत-चीन के बीच लंबे समय से सीमा विवाद बना हुआ है, जो समय-समय पर सैनिक तैनाती और गश्त के कारण फिर उभर जाता है। भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर और सीमा पार आतंकवाद को लेकर रिश्ते लगातार तनावपूर्ण रहते हैं और कूटनीतिक संबंधों में उतार-चढ़ाव चलता रहता है। चीन-ताइवान के बीच स्थिति सबसे संवेदनशील है, जहां चीन ताइवान पर दबाव बढ़ाने के लिए सैन्य अभ्यास और शक्ति-प्रदर्शन कर रहा है, जबकि ताइवान अपनी रक्षा क्षमता बढ़ा रहा है। ईरान-इज़राइल के बीच हमलों और जवाबी हमलों के कारण पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ी हुई है। वहीं आर्मेनिया-अज़रबैजान के बीच नगार्नो-काराबाख को लेकर पुराना सीमा विवाद अभी भी पूरी तरह शांत नहीं हुआ। मध्य एशिया में भी अफगानिस्तान की सीमा को लेकर ताजिकिस्तान और रूस मिलकर सुरक्षा मजबूत करने की बात कर रहे हैं। इधर, रूस-यूक्रेन तनाव आज भी बेहद गंभीर रूप में बना हुआ है। हाल की शांति-वार्ताएं भी किसी नतीजे पर नहीं पहुँच पाई हैं, क्योंकि रूस अपनी



शर्तों पर अड़ा है और पश्चिमी देश यूक्रेन की संप्रभुता पर समझौता नहीं करना चाहते। इसी बीच मिसाइल हमलों, भू-भाग पर कब्जे की कोशिशों और कूटनीतिक आरोप-प्रत्यारोप ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। यह संघर्ष न केवल यूरोप बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर असर डाल रहा है।

कुल मिलाकर, सीमा विवादों, सैन्य तैयारियों, शक्ति दिखाने की होड़ और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा ने कई क्षेत्रों को बेहद संवेदनशील और अस्थिर बना दिया है। यही कारण है कि आज विभिन्न देश आधुनिक और महंगे हथियार खरीदने में बड़ी रकम लगा रहे हैं। इससे हथियार बनाने वाली कंपनियों का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन दुनिया के लिए खतरे भी बढ़ रहे हैं। समस्या यह है कि जितने ज्यादा हथियार जुटाए जाते हैं, उतनी ही ज्यादा टकराव या युद्ध की आशंका पैदा होती है। साथ ही सरकारों का पैसा रक्षा खरीद में खर्च होने लगता है, जिससे जरूरी क्षेत्रों पर कम ध्यान जाता है। यानी सुरक्षा के नाम पर खर्च तो बढ़ता है, लेकिन असुरक्षा भी कम नहीं होती। रिपोर्ट हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हथियारों पर बढ़ती निर्भरता वास्तव में शांति लाएगी या दुनिया को और ज्यादा तनाव और खतरे की ओर धकेल देगी। सरल शब्दों में कहें तो दुनिया की सबसे बड़ी 100 हथियार बनाने वाली कंपनियों ने पिछले साल से लगभग 6% ज्यादा पैसा कमाया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हाल के समय में कई जगह लड़ाइयां और तनाव लगातार बढ़े हैं, जैसे यूक्रेन युद्ध और गाजा संघर्ष। जब कहीं युद्ध होता है या किसी देश को खतरा महसूस होता है, तो वे अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए ज्यादा हथियार खरीदते हैं।

इसी वजह से हथियारों की मांग तेजी से बढ़ गई और कंपनियों की बिक्री भी बढ़ी। जितना ज्यादा तनाव और युद्ध, उतनी ही ज्यादा हथियारों की खरीद, और उतनी ही ज्यादा कंपनियों की कमाई। सिपरी की ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की 100 सबसे बड़ी रक्षा कंपनियों ने 2024 में कुल 679 अरब डॉलर कमाए, जो यह दिखाता है कि वैश्विक स्तर पर युद्ध और तनाव अब एक भारी-भरकम कारोबार बन चुके हैं। यूक्रेन, गाजा और पूर्वी एशिया में बढ़ते संघर्षों ने हथियारों की मांग को तेजी से बढ़ाया है, जिसके चलते युद्धों का व्यावसायीकरण और कॉरपोरेट कंपनियों की भूमिका और मजबूत हो रही है। रिपोर्ट यह भी दर्शाती है कि पश्चिम एशिया अब एक नया हथियार उत्पादक क्षेत्र बनकर उभर रहा है, जिससे वैश्विक सैन्य उत्पादन में विविधता आई है। भारत की तीन कंपनियां क्रमशः हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स भी इस सूची में शामिल हैं, और घरेलू मांग के कारण इनकी संयुक्त आयुध कमाई 8.2 प्रतिशत बढ़कर 7.5 अरब डॉलर हो गई है। सिपरी का आकलन बताता है कि भविष्य में हथियारों की बिक्री और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय तनाव कम होने के बजाय बढ़ रहा है, और देश ड्रोन व अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों पर भारी निवेश कर रहे हैं। यह बढ़ती सैन्य होड़ न केवल शांति के लिए खतरा है, बल्कि विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संसाधन हटाकर वैश्विक असमानताओं, भुखमरी, जलवायु संकट और अस्थिरता को भी बढ़ावा दे रही है। युद्धों और संघर्षों के कारण लाखों लोग विस्थापन, अकाल और मानवीय त्रासदियों का सामना कर रहे हैं।

दूसरे शब्दों में कहें तो आज युद्धों और संघर्षों के कारण दुनिया भर में लाखों लोग अपने घर, जमीन और रोज़गार से बेदखल हो रहे हैं। इससे बड़े पैमाने पर विस्थापन, भूख और मानवीय संकट पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट यह संकेत देती है कि विश्व समुदाय को हथियारों की इस अंधाधुंध दौड़ को रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे, ताकि मानवता को बड़े संकट से बचाया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नौसेना दिवस

आरके जैन



# सफेद वर्दी में चमकता है भारत का गर्व, साहस और स्वाभिमान

जब समुद्र की लहरें तेज़ी से उठती हैं और युद्धपोतों की गड़गड़ाहट आसमान तक गूंजती है, तब पूरा भारत गर्व से भर उठता है-यही है नौसेना दिवस की सच्ची शक्ति। 4 दिसंबर का यह खास दिन वह पल है जब देश अपने समुद्री वीरों को दिल से सलाम करता है। यह कोई साधारण तारीख नहीं, बल्कि 1971 के भारत-पाक युद्ध की वह यादगार रात है जब भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह पर ऐसा वार किया कि दुश्मन संभल ही नहीं पाया। ऑपरेशन ट्राइडेंट, जिसका नाम सुनते ही रोमांच दौड़ जाए। पहली बार किसी एशियाई देश ने एंटी-शिप मिसाइलों का इस्तेमाल किया, चार पाकिस्तानी जहाज़ डूब गए, कराची का बंदरगाह जल उठा और उनकी नौसेना बिखरकर रह गई। यह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि समुद्री युद्ध के इतिहास में लिखा गया एक चमकता हुआ अध्याय था। तभी से 4 दिसंबर भारतीय नौसेना दिवस के रूप में पूरे देश में गर्व के साथ मनाया जाता है। लेकिन यह दिन सिर्फ इतिहास की वीरगाथा नहीं सुनाता, यह वर्तमान की ताकत और भविष्य की तैयारी का भी प्रमाण है। भारतीय नौसेना आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे सक्षम नौसेनाओं में शुमार है। 67000 से ज्यादा जांबाज़ सैनिक, 150 से अधिक युद्धपोत, 250 से भी अधिक विमान और पनडुब्बियां- ये सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि हिंद महासागर में भारत की संप्रभुता का दस्तावेज़ है। देश का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत जब समुद्र में उतरा, तब पूरी दुनिया ने देखा कि भारत अब सिर्फ खरीदार नहीं, बल्कि खुद अपनी शक्ति गढ़ने वाला राष्ट्र है। वहीं, आईएनएस अरिहंत ने जब परमाणु त्रिशूल पूरा किया, तो बड़े-बड़े देश भी भारत की क्षमता के आगे गंभीर हो गए। बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस यह पनडुब्बी दुश्मन के लिए साफ संदेश है। भारत की ओर आंख उठाई, तो कीमत भी चुकानी पड़ेगी और जवाब भी ऐसा मिलेगा कि याद रखना मुश्किल हो जाएगा। हिंद महासागर में भारतीय नौसेना आज सिर्फ रक्षक नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का संतुलन संभालने वाली शक्ति है। मालदीव संकट में जब ऑपरेशन कैक्टस चला, श्रीलंका में आईपीकेएफ के दौरान जब नौसेना ने मानवीय मदद पहुंचाई, सुनामी की तबाही में जब हजारों जानें बचाईं, और हाल ही में ऑपरेशन राहत व ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब युद्धग्रस्त देशों से भारतीयों को सुरक्षित घर लाया गया, हर बार नौसेना ने साबित किया कि उसकी ज़िम्मेदारी केवल समुद्र की सुरक्षा तक सीमित नहीं है। उसकी पहुंच वहां तक है, जहां तक भारत का एक भी नागरिक मौजूद है, चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो। क्वाड का मजबूत सदस्य बनकर, मालाबार अभ्यास में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ कदम मिलाकर, फ्रांस के साथ वरुण अभ्यास में अपनी क्षमता दिखाकर, और रूस के साथ इंद्रा नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेकर भारत ने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है, हिंद महासागर में दबाव, धमकी या दादागिरी नहीं चलेगी। आईएनएस विक्रमादित्य, आईएनएस चक्र, ब्रह्मोस से लैस स्टील्थ फ्रिगेट्स और पी-8 आई पोसाइडन विमान सिर्फ हथियार नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और समुद्री शक्ति के चमकते प्रतीक हैं। लेकिन नौसेना की सच्ची शक्ति उसके लोहे के जहाज़ों में नहीं, बल्कि उन सफेद वर्दी वाले वीरों में बसती है। वे ही हैं जो महीनों अपने परिवार से दूर रहते हैं; जब तूफान जहाज़ को झकझोरता है, नीचे अथाह समुद्र और ऊपर दुश्मन की नज़र होती है, फिर भी उनके चेहरे पर मुस्कान रहती है। वे समुद्र की गोद में रातें काटते हैं, ताकि करोड़ों भारतीय चैन से सो सकें। उनकी आँखों में गहराई है, दिल में देशभक्ति की गर्मी और हाथों में अजेय साहस। और उनके पीछे खड़ी होती हैं वे माएँ जो बेटे के जहाज़ पर चढ़ते ही आशीर्वाद देती हैं, वे पत्नियां जो हर तूफान में प्रार्थना करती हैं, वे बच्चे जो दिन गिनते रहते हैं। यही मौन शक्ति नौसेना को अपराजेय बनाती है। हर साल नौसेना दिवस पर जब गेटवे ऑफ इंडिया के सामने जहाज़ सलामी देते हैं, जब मिग-29 के आसमान को चीरते हुए दहाड़ते हैं, जब काले परिधान में मार्कोस कमांडो अपने रोमांचक करतब दिखाते हैं, तब हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। पर यह गर्व सिर्फ उस पल तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि यह नीली सीमा हमें यूं ही नहीं मिली, इसे वीरों ने अपने जीवन से सुरक्षित किया है। यह केवल जश्न मनाने का अवसर नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का पल है। इस नौसेना दिवस पर हमें केवल ताली बजाकर आगे नहीं बढ़ जाना चाहिए। हमें अपने बच्चों को उन जांबाज़ों की गाथाएं सुनानी चाहिए, जिनकी सफेद वर्दी में भारत का गर्व, साहस और स्वाभिमान चमकता है। जय हिंद। जय भारतीय नौसेना।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित

दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

## व्यक्ति की अच्छी बातों को याद कर जीवन में उतारे



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों को पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**ममता का सार्वजनिक अपमान**

हाल ही में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में वृद्धाश्रम में रह रही शोभा देवी के निधन के बाद जब बेटे को सूचना दी गई, तो उसने मां का शव लेने से साफ इनकार कर दिया। बेटे ने कहा कि घर में शादी है। शव आने से अपशगुन होगा। फ्रीजर में रखवा दीजिए, बाद में देख लेंगे। घंटों तक मां का पार्थिव शरीर वृद्धाश्रम में ही पड़ा रहा। अंततः प्रशासन ने हस्तक्षेप कर अंतिम संस्कार करवाया। इस घटना ने मां के जीवन भर के त्याग, ममता, समर्पण और प्रेम का मानो सार्वजनिक अपमान कर दिया। यह प्रसंग केवल एक परिवार की असफलता नहीं, बल्कि सभ्यता की आत्मा पर लगा सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न है। यह घटना दिखाती है कि कैसे आज की भागदौड़ और दिखावे की जिंदगी में बुजुर्गों को बोझ समझने की मानसिकता बढ़ रही है।

*– संजय पाठक, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### सेवा की निरंतर साधना



मोदी सरकार के 11 वर्ष सत्ता से नहीं, सेवा की निरंतर साधना से चिन्हित रहे हैं। प्रधानमंत्री का 'प्रधानसेवक' भाव इस यात्रा का आधार है। इसी कड़ी में उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवा तीर्थ' की भावना से जोड़ा है।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### कांग्रेस को सद्बुद्धि मिले



कांग्रेस की उम्र 140 साल हो गई है, लेकिन व्यवहार बच्चों और नाबालिगों की तरह कर रही है। एसआईआर पर तो बिहार की जनता पहले ही जवाब दे चुकी है। प्रश्न यह है कि क्या कांग्रेस घुसपैठियों को बचाना चाहती है? जनता के मुद्दों से सरोकार नहीं है। भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### अभिव्यक्ति की आज़ादी



जिनका इतिहास ही मुखबिरी का रहा हो वो जासूसी करना कैसे छोड़ सकते हैं। भाजपा सरकार में अभिव्यक्ति की आज़ादी तो पहले ही छिनी जा रही थी अब घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, की आपसी बातचीत पर भी उनकी गिद्ध निगाह लग जाएगी।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### जन-केंद्रित कदम



राजभवन, झारखंड का नाम बदलकर अब 'लोक भवन, झारखंड' कर दिया गया है। हम झारखंड की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। यह झारखंड के लिए एक सकारात्मक और जन-केंद्रित कदम है।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# भारत की गहरी समझ रखने वाला युवा नेतृत्व होगा तैयार



सिंगापुर में 'कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री यंग इंडियन चैप्टर (सीआईआई वाईआई) ने कहा है कि उसका लक्ष्य हर वर्ष 300 युवाओं को छात्र विनियम कार्यक्रम में शामिल करना है ताकि भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था की गहरी समझ रखने वालों का नया नेतृत्व तैयार किया जा सके। सीआईआई वाईआई के चेयरमैन मोहम्मद इरशाद ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। इससे एक दिन पहले सिंगापुर में पहला 'वाईआई – भारत सिंगापुर युवा सम्मेलन' आयोजित किया गया था। इरशाद ने कहा, 'भारत और सिंगापुर के बीच सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए हमें भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था की गहरी समझ विकसित करनी होगी।' सिंगापुर फिलहाल भारत का सबसे बड़ा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) केंद्र है। इरशाद (36) ने कहा, 'अब तक सिंगापुर के विश्वविद्यालयों के 40 छात्र 'इंडिया टैलेंट रीड प्रोग्राम' समेत विभिन्न विनिमय कार्यक्रमों के तहत भारत जा चुके हैं। ये कार्यक्रम सिंगापुर के व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय, सरकारी एजेंसी 'एंटरप्राइज सिंगापुर' और राष्ट्रीय युवा परिषद के सहयोग से चलाए गए।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के कई फायदे आए सामने

धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं।



लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।





डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# खाते-पीते समय जब महसूस हो गले में दर्द



**मेरी उम्र 32 वर्ष है पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक होगी?**

**-राजन, रायपुर**

इस समय गले में दर्द जैसी समस्या का एक बड़ा कारण मौसम चेंज होना है। इसके साथ ही कई शहरों में प्रदूषण भी इसकी बड़ी वजह बन गई है। इसके लिए सबसे पहले आप सुबह और शाम को गर्म पानी में नमक डालकर गरारा करें। इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि फ्रिज में रखी कोई भी ठंडी चीज बिल्कुल ना खाएं। वहीं प्रदूषण से बचने के लिए जब आप घर के बाहर निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। इस तरह थोड़ा चेंज करने से आपको लाभ मिलेगा।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। कुछ दिन पहले मेरे नाक से अचानक खून रिसने लगा था। पिछले एक महीने में ऐसा दो बार हो चुका है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हुआ, यह कोई चिंता की बात तो नहीं?**

**-अंकुर, बिलासपुर**

इस तरह की परेशानी आमतौर पर गर्मियों में लोगों को देखी जाती है लेकिन इस मौसम में भी ऐसा हो रहा है तो एक बार डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा। कई बार इसकी वजह ब्लड प्रेशर का अधिक होना भी पाया गया है। आप एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क करें। वह जांच कर इसका सही कारण पता लगाएंगे और ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे खांसी आ रही है। ज्यादा खांसी की वजह से कभी-कभी सांस लेने में भी दिक्कत होती है। प्लीज इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-रवि, दुर्ग**

लंबे समय से खांसी कई बार चेस्ट में इंफेक्शन की वजह से भी हो जाती है। लेकिन यह बगैर डॉक्टर के चेक करवाए नहीं बताया जा सकता है। आप आस-पास किसी डॉक्टर से एक बार चेस्ट की जांच करा लें। अगर इंफेक्शन होगा तो उसकी दवा चलेगी। इसके बाद भी अगर आराम ना मिले तो एक बार टीबी की जांच भी करानी चाहिए। लोगों में कई बार यह भी खांसी की वजह होती है। फिलहाल आप गुनगुना पानी पिएं और सुबह शाम नमक वाले पानी से गरारा जरूर करें।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। मेरे पैर अकसर ही सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई सेंसेशन नहीं होता। कई बार इस वजह से चलने-फिरने में लड़खड़ाहट होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-सुमित, भोपाल**

हालांकि आपकी उम्र अभी कम है, लेकिन फिर भी आप एक बार न्यूरोलॉजिस्टि से संपर्क करें। क्योंकि आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको न्यूरो से संबंधित कुछ प्रॉब्लम हो सकती है। हालांकि कई बार नर्वस सिस्टम भी इसकी वजह बनता है लेकिन बगैर जांच किए कोई भी ट्रीटमेंट शुरू नहीं किया सकता है।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मैं नींद की गोलियां ले रहा हूं। इससे रात को नींद तो अच्छी आती है, लेकिन पूरे दिन सुस्ती बनी रहती है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मधुसूदन, महेंद्रगढ़**

नींद की गोलियां कहीं ना कहीं साइड इफेक्ट जरूर करती हैं, इसलिए कोशिश करें कि नींद की गोलियां न खाई जाएं तो बेहतर है। आपको योग और मेडिटेशन करना चाहिए। रात में सोने से पहले हल्का गर्म दूध पीना चाहिए और पैर धोकर बेड पर जाना चाहिए। इस तरह कुछ बदलाव कर देखें। आपको आराम मिल सकता है। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. अतीक वासदेव
वाइस चेयरमैन-ऑर्थोपेडिक्स
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

सर्दियों में अन्य ऋतुओं की तुलना में जोड़ों की समस्याएं कहीं ज्यादा बढ़ जाती हैं। आमतौर पर जोड़ों में दर्द का प्रमुख कारण अर्थराइट्सि (गठिया) होता है। जोड़ों में सूजन और दर्द को अर्थराइटिस कहते हैं। इस दर्द के बढ़ने की क्या वजहें हैं, इनसे कैसे बचाव हो सकता है और इनसे राहत के लिए क्या करना चाहिए, विस्तार से यहां बता रहे हैं।

# सर्दियों में ज्वॉइंट्स प्रॉब्लम बरतें सावधानी-मिलेगी राहत

बढ़ती उम्र के लोगों में जोड़ों के दर्द की समस्या जाड़े में बढ़ जाती है। जो लोग पहले से ही अर्थराइटिस या जोड़ों से संबंधित समस्याओं से ग्रस्त हैं, उनमें सर्दी के मौसम में जोड़ों से संबंधित समस्याएं इसलिए बढ़ जाती हैं क्योंकि तापमान के कम होते जाने से जोड़ों के अंदर मौजूद साइनोवियल फ्लूड गाढ़ा होने लगता है। इस कारण जोड़ों में जकड़न महसूस होती है, जिसके परिणामस्वरूप चलने-फिरने में दिक्कत महसूस होती है, खासकर सुबह के वक्त।

सर्दियों में तापमान के कम होने के कारण जोड़ों की धमनियां (आर्टरीज) सिकुड़ जाती हैं। धमनियों के सिकुड़ने से जोड़ों में रक्त संचार की प्रक्रिया समुचित रूप से संचालित नहीं होती। इसके परिणामस्वरूप जोड़ों में जकड़न या अकड़न और दर्द होने लगता है। ठंडे तापमान में मांसपेशियों में ऐंठन अधिक होती है, जिससे जोड़ों में सूजन, दर्द और अकड़न बढ़ जाती है।

**इनको होता है ज्यादा रिस्कः** जो लोग पहले से ही अर्थराइटिस के किसी प्रकार से ग्रस्त हैं, उनकी समस्याएं कहीं ज्यादा बढ़ जाती हैं। वैसे तो अर्थराइटिस के बहुत प्रकार हैं, लेकिन जो लोग ऑस्टियोअर्थराइटिस (ओए), रूमेटॉइड अर्थराइटिस (आरए), गाउटी अर्थराइटिस, ट्रामेटिक अर्थराइटिस और स्पाइनल अर्थराइटिस से पीड़ित हैं, उनकी समस्याएं आमतौर पर सर्दियों के दौरान बढ़ सकती हैं। इसी तरह जो किशोर और बच्चे क्रमशः जुवेनाइल अर्थराइटिस और रूमेटिक अर्थराइटिस से ग्रस्त रह चुके हैं, उनकी परेशानी भी सर्दियों के मौसम में बढ़ सकती हैं।



वहीं जो लोग अतीत में किसी दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं, जिसके कारण उनकी हड्डियां और लिगामेंट आदि क्षतिग्रस्त हो चुके थे। ऐसे लोगों को ठीक हो जाने के बाद भी जाड़े के मौसम में जोड़ों में दर्द की समस्या उत्पन्न हो सकती है।



**ऑस्टियो अर्थराइटिस पेशेंट सावधानी बरतें:** ऑस्टियो अर्थराइटिस (गठिया) का दुष्प्रभाव आमतौर पर प्रमुख जोड़ घुटनों पर पड़ता है। घुटने पर ही शरीर के भार का दबाव सर्वाधिक पड़ता है। देश में सबसे ज्यादा लोग नी ऑस्टियो अर्थराइटिस (घुटने की गठिया) से ग्रस्त हैं। जोड़ों के मध्य स्थित कार्टिलेज (जो जोड़ों के मध्य कुशन का काम करती है) बढ़ती उम्र खासकर 50 वर्ष के बाद गलत जीवनशैली के कारण घिसने लगती हैं। इस कारण जोड़ आपस में रगड़ते हैं और कालांतर में धीरे-धीरे क्षीण होते रहते हैं। एक ऐसी स्थिति आती है, जब पीड़ित व्यक्ति को चलने-फिरने और सीढ़ियां चढ़ने-उतरने में दिक्कत महसूस होती है। लोग अपने सामान्य दिनचर्या के कार्यों को नहीं कर पाते।

**ऐसे करें रोकथामः** ऑस्टियोअर्थराइटिस से पीड़ित व्यक्ति सर्दी की शुरुआत में ही अस्थि रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें और उनके परामर्श के अनुसार ही दवाएं, फिजियोथेरेपी और अन्य व्यायाम करें। खान-पान में कैल्शियम युक्त आहार को वरीयता दें। अगर मरीज को असहनीय दर्द हो रहा है, तो विशेषज्ञ डॉक्टर, पीड़ित व्यक्ति को अस्थाई राहत देने के लिए इंट्रा आर्टिकुलर इंजेक्शन रिफर कर सकते हैं।

**रूमेटाइड अर्थराइटिस पेशेंट रहें सजगः** यह अर्थराइटिस का एक विशेष प्रकार है, जिसके कारणों पर मेडिकल शोध अभी तक जारी हैं। रूमेटाइड (आरए) का उम्र बढ़ने या कार्टिलेज के क्षीण होने या फिर खान-पान से कोई लेना-देना नहीं है। इसमें शरीर का इम्यून सिस्टम अपने ही शरीर के खिलाफ लड़ाई छेड़ देता है और इस लड़ाई का पहला हमला जोड़ की झिल्ली (सायनोवियम) पर पड़ता है।

**मिल सकती है राहतः** समय रहते रूमेटाइड अर्थराइटिस का समुचित इलाज न होने पर आगे चलकर प्रभावित हड्डी क्षीण होने लगते हैं, लेकिन फिजियोथेरेपी, योग और व्यायाम करने से पीड़ित व्यक्ति को अस्थाई राहत मिलती है। रूमेटाइड अर्थराइटिस का कोई स्थाई इलाज है। इसके साथ ही शरीर के इम्यून सिस्टम में आई गड़बड़ी को दूर करने या नियंत्रित करने के लिए जो दवाएं दी जाती हैं, उन्हें इम्यूनोमॉड्यूलेटर्स कहते हैं। रूमेटाइड अर्थराइटिस शरीर के अन्य जोड़ों को भी प्रभावित करता है, लेकिन इसकी शुरुआत हाथों की उंगलियों में सूजन से होती है, सूजन के साथ मरीज को तेज दर्द होता है। इसलिए सर्दियों में रूमेटाइड अर्थराइटिस वाले डॉक्टर से परामर्श लेते रहें।

डॉक्टर के परामर्श से ही दवाएं लें। जोड़ों का दर्द कम करने के लिए इंट्रा आर्टिकुलर इंजेक्शन के अलावा कभी-कभी डॉक्टर स्टेरॉयड के इंजेक्शन भी पीड़ित मरीज को रिफर कर सकते हैं। ऐसे इंजेक्शंस के अपने लाभ भी हैं और इनके साइड और आफ्टर इफेक्ट भी। इसलिए स्टेरॉइड दवाओं को योग्य चिकित्सक की देख-रेख में ही लेना चाहिए, क्योंकि ऐसी दवाओं को लंबे समय तक लेने से फायदा कम नुकसान ज्यादा हो सकता है।



**कंधों का पोस्चर सही रखें:** कंधे भी आपके शरीर के प्रमुख जोड़ हैं। सर्दियों में इनमें भी दर्द और जकड़न की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इस संदर्भ में इन बातों पर ध्यान दें।



- चलते समय कंधों को झुकाकर न चलें और न ही इन्हें उठाकर चलें।
- कंधे से संबंधित व्यायाम करें।
- झटके से वेट न उठाएं।
- बिना वार्म अप के किसी भी खेल की प्रैक्टिस न करें।
- उपरोक्त बातों पर ध्यान देने पर आप कंधों में दर्द की समस्या से बचे रहेंगे।

**ज्वाइंट्स पेन से ऐसे मिलेगी राहतः** विशेषज्ञ से परामर्श, जोड़ों में दर्द, सूजन, अकड़न और मांसपेशियों में कमजोरी जैसे लक्षणों के मद्देनजर अस्थि रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें।

ऑस्टियोअर्थराइटिस के जिन मरीजों को दवाओं, खान-पान और व्यायाम आदि से राहत नहीं मिल पा रही है, तो ऐसे व्यक्तियों को ऑर्थोपेडिक स्पेशलिस्ट परामर्श दे सकते हैं।

**वजन संतुलित रखें:** सर्दियों में आमतौर पर लोगों को ज्यादा भूख महसूस होती है और लोग अपना पसंदीदा खाना कुछ ज्यादा खाते हैं। जाड़े के कारण उनकी आउटडोर शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में वजन सर्दियों में बढ़ जाता है। अधिक वजन घुटनों और कूल्हों जैसे जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव डालता है, जिसके परिणामस्वरूप जोड़ों में दर्द की समस्या का जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए सही वजन बनाए रखने के लिए अपने आहार पर विशेष ध्यान दें और जोड़ों के अनुकूल व्यायाम करें।

**हाइड्रेट रहें:** जो लोग ज्यादा शारीरिक श्रम नहीं करते हैं और किडनी रोग से ग्रस्त नहीं हैं, उन्हें कम से कम प्रतिदिन दो-तीन लीटर पानी पीना चाहिए। पर्याप्त पानी पीने से आमतौर पर जोड़ों में दर्द की समस्या कम होती है। कुनकुने पानी से नहाने से भी आपको जोड़ों के दर्द में राहत मिल सकती है।

**विटामिन-डी सप्लीमेंट:** शरीर में विटामिन-डी की कमी से जोड़ों में दर्द की समस्या बढ़ सकती है। ऑस्टियोपोरोसिस (हल्का-सा आघात लगने पर हड्डियों का टूटना) का खतरा भी बढ़ जाता है। विटामिन-डी सप्लीमेंट लेने के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड का सेवनः** ओमेगा-3 फैटी एसिड्स सर्दियों के दिनों में होने वाली जोड़ों की सूजन, अकड़न और दर्द को कम करने में लाभप्रद हैं। अपने आहार में एवोकाडो, अलसी, अखरोट या फिश को शामिल करें।

**सुबह की धूपः** विटमिन-डी का एक अच्छा प्राकृतिक स्रोत है धूप। यह हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। धूप में बैठने से जोड़ों के दर्द और सूजन में राहत मिलती है।

**कंप्यूटर पर कार्य करने वाले ध्यान दें:** लगातार कई घंटों तक एक ही कुर्सी और कंप्यूटर के आगे बैठे-बैठे आपके जोड़ अकड़ जाते हैं, इसलिए ऑफिस में लगभग डेढ़ घंटे में सीट छोड़कर पांच मिनट के लिए घूमे-फिरें, शरीर को स्ट्रेच करें।

**राहत दे सकते हैं ये तरीकेः** प्रभावित जोड़ों पर गर्म और ठंडे पानी की पट्टियों के इस्तेमाल से जोड़ों के दर्द में राहत मिलती है। गर्म पानी की बोतल का इस्तेमाल किया जा सकता है। वहीं एक कपड़े में लपेटकर बर्फ के टुकड़ों (आइस क्यूब्स) को दर्द से प्रभावित स्थान पर इस्तेमाल कर सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

हर्बल जोन / रेखा देशराज

# मौसमी रोगों से बचाए अदरक-तुलसी





अदरक और तुलसी यूं तो हर मौसम में शरीर के लिए अलग-अलग वजहों से फायदेमंद हैं। लेकिन सर्दियों की समस्याओं के लिए ये बहुत ही कारगर साबित होते हैं। सर्दियों की सबसे आम और परेशान करने वाली समस्याओं से छुटकारा दिलाने में इनका कोई सानी नहीं है। सर्दी के मौसम में शरीर की आंतरिक गर्मी घट जाती है। खून का प्रवाह धीमा पड़ जाता है और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है। इसलिए आयुर्वेद में सर्दियों का मुकाबला करने के लिए इनको सर्वोत्तम माना गया है। ये शरीर को बाहर से आने वाली ठंड और भीतर से पैदा होने वाली अशक्तता से हमें बचाते हैं।

**नेचुरल हीटर अदरकः** जब ठंडी हवा से शरीर का तापमान गिरने लगता है, तब अदरक का इस्तेमाल करने से तापमान गिरने से रुक जाता है। सर्दियों में अदरक के इस्तेमाल से, नाक जाम होने से, गला खराब होने से और बलगम बनने से रोकता है, ब्लड सर्कुलेशन बढ़ने से हाथ-पैर गर्म रहते हैं। यही नहीं अदरक इस मौसम में हमारे पाचन को भी सुधारता है और शरीर में एहसास होने वाले भारीपन को खत्म करता है। सवाल है, इसे कैसे ले सकते हैं? सुबह के समय अदरक वाली काली चाय या काढ़ा विशेष रूप से कारगर है। अगर यह नहीं लेते तो शहद के साथ अदरक का एक छोटा टुकड़ा मुंह में चूसने से भी शरीर को भरपूर गर्मी मिलती है। अदरक इस मौसम में हमारे रक्त संचार को तेज करता है और शरीर को गर्म रखता है। अदरक पाचन के लिए इस मौसम की सबसे कारगर दवा है।

**रोगरोधी पौधा-तुलसीः** आयुर्वेद में तुलसी को सर्दी के मौसम का सबसे शक्तिशाली रोगरोधी कवच माना जाता है। यह एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है। इसलिए इस मौसम में होने वाली खांसी और गले की सूजन को रोकती है। सांस की नली साफ रखती है और ठंड में फैलने वाले वायरस की रोकथाम करती है। इस तरह देखा जाए तो तुलसी सर्दियों में नाक, कान, गला तीनों की सुरक्षा करती है। जहां तक सवाल है कि इसे कैसे लें, तो इसका सबसे अच्छा तरीका तुलसी की सात से दस पत्तियां सुबह-सुबह चाय या काढ़े के साथ लें या चार पत्तियां उबालकर भाप भी ली जा सकती है। अदरक और तुलसी मिलकर सर्दी, जुकाम के वायरस को बढ़ने नहीं देते हैं। दोनों का एक साथ सेवन बहुत कारगर है। तुलसी गले को नेचुरल एंटीसेप्टिक की तरह साफ करती है और अदरक गर्माहट देकर गले की सूजन और दर्द कम करती है। इसलिए सर्दियों में ठंडी हवाओं के असर से वो लोग बचे रहते हैं, जो इस मौसम में इन दोनों का इस्तेमाल करते हैं। *

डाइट सजेशन

डॉ. माजिद अलीम

जरूरी नहीं कि हर हेल्दी फूड आपको फायदा ही पहुंचाए। अगर उसे आप सही तरीके से नहीं लेते तो फायदेमंद खाद्य पदार्थ भी कोई लाभ नहीं पहुंचाएगा या हो सकता है आपको नुकसान पहुचा दे। इसलिए यह जानना जरूरी है कि किसी फूड आइटम को कैसे ग्रहण करना चाहिए?

# हेल्दी फूड्स लेने का तरीका भी हो सही



हमारे खान-पान में बहुत सारी ऐसी चीजें होती हैं, जिनके फायदेमंद होने में कोई शक नहीं होता, लेकिन अगर उन्हें सही तरीके से न लिया जाए तो उनके फायदों से ज्यादा नुकसान भी हो सकते हैं। आइए कुछ ऐसी ही बातें जानते हैं।

**इन बातों को रखें ध्यानः** ड्राय फ्रूट्स खाना बढ़िया होता है, इससे खूब फाइबर मिलता है। पर क्या आप जानते हैं, फल जो सुखा दिए जाते हैं, उनके भीतर अपने ताजे स्वरूप से तीन गुना से भी ज्यादा कैलोरी होती है। शुगर की मात्रा भी बढ़ जाती है।

मूंगफली छीलकर खाना लाभकारी है पर डिब्बा या पैकेट में नमक लगाकर तली मूंगफली खाना नुकसानदेह है। केले में फाइबर, पोटैशियम, विटामिन-सी और थोड़ा-सा फैट तथा थोड़ी कैलोरी मिलती है, पर इसके मुकाबले में इसके चिप्स में तीन गुना कैलोरी और 20 प्रतिशत अधिक फैट होता है। इसलिए सोच-समझकर सेवन करें।



**फलों का जूसः** फ्रूट जूस पीना बढ़िया है पर यह तब नुकसानदायक हो जाता है, जब यह ताजा न हो। इसमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। बहुत से लोग फल खाने से ज्यादा जूस पीने को तरजीह देते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि जूस के जरिए एक साथ आप खूब सारी शुगर ले रहे होते हैं और फल से मिलने वाले लाभदायक फाइबर से भी वंचित रह जाते हैं। ताजा जूस पी सकते हैं लेकिन फल खाने को तरजीह देनी चाहिए। हालांकि इसमें भी सावधानी की दरकार है। जो भी फल खाएं, खूब अच्छी तरह धोकर ही खाएं।

**अंडेः** हेल्थ बनाने के लिए ही नहीं मोटापा कम करने के लिए भी अंडे बहुत बढ़िया हैं, पर तभी जब ये देसी वाले हों। कहने का मतलब ऑर्गेनिक हों यानी बिना कृत्रिम खाद्य पदार्थों, शाकाहारी शुद्ध दानों पर पले मुर्गे-मुर्गियों के अंडे हों। जब ऑमलेट खाएं तो साथ में उबली सब्जियां भी लें, यह और फायदेमंद रहेगा।

**मल्टीग्रेन ब्रेडः** ब्राउन ब्रेड के अलावा आजकल बाजार में मल्टीग्रेन और होल ग्रेन ब्रेड की डिमांड है। बताया जाता है कि मल्टीग्रेन में कई तरह के अनाजों का आटा मिला हुआ होता है और यह होल ग्रेन यानी समूचे गेहूं के आटे से बना ब्रेड फाइबर से भरा तथा सेहत के लिए लाभकारी होता है। जबकि अधिकतर अनाज का रिफाइंड आटा ही इसमें होता है। इसके खाने से शुगर बढ़ सकती है। इस तरह यह मोटापे और डायबिटीज का रिस्क बढ़ा सकती है।

**सोयाबीनः** सोयाबीन प्रोटीन का खजाना है लेकिन कुछ पोषक तत्वों के अवशोषण में रुकावट भी पैदा करता है। सोयाबीन में फायटिक एसिड पाया जाता है, जो कैल्शियम, मैग्नीशियम, कॉपर, जिंक, लौह तत्वों को शरीर में सोखने से रोकता है। इसमें टिंप्सिन भी मिलता है, जो प्रोटीन के पाचन में दिक्कत करता है और अग्नाशय के कार्य में रुकावट डालता है। इससे बना टोफू हो या बड़ियां सीमित मात्रा में खाइए। आजकल फ्लेवर्ड सोया मिल्क पीने का फैशन है। हालांकि यह बुरा नहीं है पर जैसे ही वनीला या चॉकलेट फ्लेवर इसमें मिलाया जाता है, इसके हर कप में 50-60 कैलोरी और 5 ग्राम शुगर बढ़ जाती है। इसलिए इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें। *

अवेयरनेस

रेखा

एपिलेप्सी या मिर्गी मस्तिष्क संबंधी रोग है। यह घातक तो नहीं होता लेकिन इस वजह से रोगी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके कारण, इससे बचाव करने, इसे कंट्रोल करने के तरीकों के बारे में सभी को जागरूक होना चाहिए।

# एपिलेप्सी नियंत्रण के साथ जागरूकता की है जरूरत



अनुमान के मुताबिक भारत में एक करोड़ से एक करोड़ 20 लाख के आस-पास मिर्गी (एपिलेप्सी) रोगी हैं, जबकि दुनिया में कुल मिर्गी रोगियों की संख्या करीब 5 करोड़ है। इस तरह देखा जाए तो दुनिया का हर पांचवां मिर्गी रोगी भारत में है। इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन और लैंसेट न्यूरोलॉजी रिपोर्ट के मुताबिक भारत मिर्गी रोगियों का सबसे बड़ा देश है। दुनिया के करीब एक करोड़ 20 लाख से एक करोड़ 50 लाख के आस-पास मिर्गी रोगी अफ्रीका महाद्वीप में रहते हैं। मिर्गी रोगियों का एक बड़ा हब संयुक्त राज्य अमेरिका भी है, जहां 30 से 40 लाख मिर्गी रोगी रहते हैं। भारत में दुनिया के सर्वाधिक मिर्गी रोगी होने की बड़ी वजह यही है कि भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश है, इसलिए यहां मिर्गी रोगी भी सबसे ज्यादा हैं। दूसरी बड़ी बात यह है कि भारत के ग्रामीण इलाकों और विशेषकर गरीब आबादी के पास इसके इलाज की पहुंच नहीं है।


**रोग के कारणः** मिर्गी अपने आपमें कोई बीमारी नहीं है बल्कि यह मस्तिष्क की विद्युत गतिविधियों में असंतुलन की स्थिति है और ऐसा कई वजहों से होता है। जन्म के समय या बचपन में मस्तिष्क को गंभीर चोट लग जाना, जिससे कुछ देर के लिए दिमाग के कुछ हिस्से में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। सिर की चोट, मस्तिष्क में ट्यूमर, लकवा यानी स्ट्रोक तथा आनुवांशिक कारण भी भारत में सर्वाधिक मिर्गी रोगियों के लिए अनुकूल स्थितियां बनाते हैं। ज्यादा शराब पीने वाले या बहुत कम नींद लेने वाले लोगों को भी यह समस्या हो जाती है। इसके अलावा 10 फीसदी लोगों के संबंध में मेडिकल साइंस कभी यह नहीं जान पाती कि उन्हें मिर्गी रोग होने का क्या कारण है? इसलिए तमाम लोगों को अस्पष्ट कारणों से भी मिर्गी होती है।

**रिस्क को कर सकते हैं कमः** विशेषज्ञों की मानें तो मिर्गी को तो पूरी तरह से रोका नहीं जा सकता, लेकिन सजग रहकर इसके जोखिम को कम किया जा सकता है। मिर्गी रोग से बचने के जो सजग उपाय हो सकते हैं, वो इस प्रकार हैं।

जन्म के समय सुरक्षित प्रसव जरूरी है ताकि बच्चे के स्वास्थ्य की देखभाल सही तरीके से हो सके और प्रसव के दौरान उसके मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी की स्थितियां न पैदा हों। सिर की चोट से बचाव करना बहुत जरूरी है। इसके अलावा मैनिनजाइटिस और जापानी इंसेफेलाइटिस के टीके लगवाना भी जरूरी होता है। पर्याप्त नींद लें, नशे से दूर रहें, तनाव से बचें, ये कुछ ऐसे उपाय हो सकते हैं, जिनसे मिर्गी की चपेट में आने से बचा जा सकता है।

**ऐसे कर सकते हैं कंट्रोलः** अगर आप मिर्गी से ग्रस्त हो गए तो भी कुछ उपायों को अपनाकर इसे कंट्रोल कर सकते हैं। सबसे जरूरी है कि न्यूरोलॉजिस्ट से नियमित दवा लें, दवा अचानक लेना बंद न करें, इससे दौरे बढ़ सकते हैं। संतुलित जीवनशैली अपनाएं, ध्यान, योग और परिवार का सहयोग जैसे उपाय भी मिर्गी के इलाज और स्थिति पर नियंत्रण रखने की दृष्टि से मददगार हैं। मिर्गी के कुछ गंभीर मामलों में सर्जरी या वेगस नर्व स्टिमुलेशन (वीएनएस) जैसी तकनीकें भी कारगर होती हैं।

**जागरूकता की है जरूरतः** वास्तव में मिर्गी मस्तिष्क संबंधी बीमारियों से एक है और चूंकि भारत में मस्तिष्क स्वास्थ्य अभी गरीब और निम्न वर्ग तथा मध्यवर्ग के लोगों के बीच इससे बचाव की सुविधाएं और समझ सीमित है। ग्रामीण इलाकों में लोग इसे भूत-प्रेत या टोना टोटका से जोड़ देते हैं। इससे इलाज में देर होती है और रोगी की दशा बिगड़ती जाती है। इस बीमारी के कारण कई लोगों को रोजगार, विवाह या शिक्षा के अवसरों से वंचित होना पड़ता है। इसलिए अवेयरनेस फैलाने की भी जरूरत है। *



# पान मसाला पैक पर अब खुदरा मूल्य छापना होगा अनिवार्य, फरवरी से लागू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगर आप पान मसाला खाते हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। सरकार ने पान मसाला के पैकेटों पर बड़ा फैसला लिया है। अब से चाहे पान मसाला का पैकेट कितना भी छोटा या बड़ा हो, उस पर एमआरपी यानी खुदरा बिक्री मूल्य और लीगल मेट्रोलॉजी रूल्स, 2011 के तहत जरूरी सभी जानकारियां छापनी होंगी। यह नियम 1 फरवरी 2026 से लागू हो जाएगा। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने लीगल मेट्रोलॉजी सेकंड (अमेंडमेंट) रूल्स, 2025 को अधिसूचित किया है। उपभोक्ता मंत्रालय ने बताया कि ये बदले हुए नियम 1 फरवरी 2026 से लागू होंगे। तब से सभी पान मसाला बनाने वालों, पैक करने वालों और आयात करने वालों को इन नियमों का पूरी तरह से पालन करना होगा। पहले छोटे पैकेट, जैसे 10 ग्राम या उससे कम के पैकेट, पर एमआरपी छापना जरूरी नहीं था। लेकिन अब इन छोटे पैकेटों पर भी एमआरपी छापना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा, पान मसाला के सभी पैकेटों पर लीगल मेट्रोलॉजी रूल्स, 2011 के तहत मांगी गई हर जानकारी दिखानी होगी। नोटिफिकेशन के मुताबिक, नियम 26(ए) के तहत जो पुरानी छूट थी, जिसमें छोटे पान मसाला पैकेटों को कुछ जानकारियां नहीं दिखानी पड़ती थीं, उसे अब हटा दिया गया है।

## एमआरपी और लीगल मेट्रोलॉजी रूल्स, 2011 के तहत जरूरी

### अब एमआरपी क्यों जरूरी?

सभी पैकेटों पर एमआरपी छापना इसलिए जरूरी किया गया है ताकि पान मसाला पर लगने वाले जीएसटी को सही तरीके से लागू किया जा सके। यह जीएसटी एमआरपी पर ही आधारित होता है। इससे जीएसटी काउंसिल के फैसलों को लागू करना आसान होगा। सभी तरह के पैकेटों, चाहे वे कितने भी छोटे क्यों न हों, उन पर टैक्स की सही गणना और वसूली हो सकेगी।



### कितना लगता है जीएसटी?

फिलहाल, पान मसाला और तंबाकू पर 28 फीसदी जीएसटी लगता है। इसके अलावा, अलग-अलग दर से कंपनसेशन सेस भी लगता है। यह कंपनसेशन सेस 31 मार्च 2026 तक 4 साल के लिए बढ़ाया गया था। इस सेस से जो पैसा इकट्ठा होता है, उसका इस्तेमाल केंद्र सरकार की ओर से कोविड-19 के दौरान राज्यों को हुए जीएसटी राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए गए कर्ज को चुकाने में किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### अप्रावा एनर्जी ने 800 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** एकीकृत ऊर्जा समाधान प्रदाता कंपनी अप्रावा एनर्जी ने ब्रिटेन के विकास वित्त संस्थान और 'इम्पैक्ट' निवेशक ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट (बीआईआई) और स्टैंडर्ड चार्टर्ड से 800.9 करोड़ रुपये (9.2 करोड़ डॉलर) का वित्तपोषण हासिल किया है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इम्पैक्ट निवेशक वह निवेशक होता है जो सिर्फ वित्तीय लाभ कमाने के लिए नहीं, बल्कि सकारात्मक सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव पैदा करने के उद्देश्य से भी निवेश करता है।

### जियो ने अक्टूबर में सबसे अधिक मोबाइल ग्राहक जोड़े

**नई दिल्ली।** भारत में अक्टूबर में सक्रिय मोबाइल ग्राहकों की संख्या में 57 लाख की बढ़ोतरी हुई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के हालिया आंकड़ों के आधार पर विभिन्न विश्लेषकों की रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान जियो ने 39 लाख नए ग्राहक जोड़कर सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 कैलेंडर वर्ष में मजबूत ग्राहक वृद्धि और मोबाइल डेटा का बढ़ता उपयोग औसत प्रति कमाई (एआरपीयू) के लिए सकारात्मक संकेत है।




### एक्वस के निर्गम को पहले दिन 3.42 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** टिकाऊ उपभोक्ता सामान और एयरोस्पेस कलपुर्जे में विशेषज्ञता वाली एक अनुबंध विनिर्माण कंपनी, एक्वस लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को बुधवार को बोली के पहले दिन 3.42 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी के 922 करोड़ रुपये के आईपीओ में 4,20,26,913 शेयरों के मुकाबले 14,36,44,200 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। निवेशक श्रेणियों में, खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों के हिस्से को 11.46 गुना अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 3.40 गुना सदस्यता प्राप्त हुई।




## मंत्रालय ने नियमों को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी, सरकार ने चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित किया

# श्रम संहिता अगले साल 1 अप्रैल से होगी पूरी तरह से लागू, जल्द नियमों का मसौदा जारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र और राज्य सरकारों को जनता की प्रतिक्रिया के लिए नियमों के मसौदे को प्रकाशित करने से पहले सार्वजनिक करना आवश्यक है। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यहां सीआईआई इंडियाएज 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि चार श्रम संहिताओं के तहत मसौदा नियम प्रकाशित किए जाने से पहले जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे।

मांडविया ने कहा कि इससे पहले केंद्र सरकार और राज्यों ने नियमों के मसौदे को पहले ही सार्वजनिक कर दिया था, लेकिन वह काफी समय पहले की बात है। अब मसौदे को वर्तमान समय के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नियमों के मसौदे को प्रकाशित करने से पहले, सरकार अधिसूचना के लिए उन्हें अंतिम रूप देने से पहले जनता की टिप्पणियों को लेकर 45 दिन का समय देगी।

**सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम श्रम संहिताएं अगले साल एक अप्रैल से पूरी तरह से लागू होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने अधिसूचित कानून के तहत नियमों को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार ने चार श्रम संहिताओं वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कामकाज स्थिति संहिता, 2020 को 21 नवंबर को अधिसूचित किया। किसी कानून को लागू करने के लिए, सरकार को उसके तहत नियमों को अधिसूचित करना आवश्यक है।**

### जनता की प्रतिक्रिया के लिए अधिसूचित करना जरूरी




### कार्य घंटे अभी भी आठ घंटे

अधिकारी ने यह भी बताया कि सरकार का मकसद नए वित्त वर्ष की शुरुआत यानी एक अप्रैल से इन चारों संहिताओं के क्रियान्वयन के लिए नियम लागू करने का है। मंत्री ने सम्मेलन में एक सत्र के दौरान प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि नई संहिताओं के तहत एक कर्मचारी के लिए कार्य घंटे अभी भी आठ घंटे प्रतिदिन है।

### ओवरटाइम का विकल्प मिलेगा

इस प्रमुख श्रम सुधार में 29 मौजूदा श्रम कानूनों को सुसंगत बनाते हुए उन्हें इसमें एकीकृत किया गया है। मांडविया ने कहा कि नई रूपरेखा कर्मचारी को 'ओवरटाइम' का विकल्प प्रदान करती है, जो एक अंतरराष्ट्रीय चलन है।

### सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता

मंत्री ने मार्च, 2026 तक 100 करोड़ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को पूरा करने की सरकार की मंशा का भी जिक्र किया। यह अभी फिलहाल 94 करोड़ है। सामाजिक सुरक्षा दायरा 2015 के 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

### श्रम एक समवर्ती विषय

चूंकि श्रम एक समवर्ती विषय है, इसलिए संबंधित सरकारों...केंद्र और राज्यों... को देश भर में इन्हें पूरी तरह से लागू करने के लिए चारों संहिताओं के तहत नियमों को अधिसूचित करना होगा। मंत्री ने श्रम संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों का उल्लेख किया।

### समान वेतन व अवसर शामिल

इसमें अनिवार्य नियुक्ति पत्र, 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, समान कार्य समान वेतन और महिलाओं को विभिन्न पालियों में काम करने के समान अवसर शामिल हैं।

नए व्यवसाय में तेजी और कीमतों में नरमी प्रमुख

## देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर नवंबर में बढ़ी : पीएमआई



**नई दिल्ली।** देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर में नवंबर में तेजी दर्ज की गई। नए व्यवसाय में तेजी और कीमतों में नरमी इसकी मुख्य वजह रही। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अक्टूबर के 58.9 से बढ़कर नवंबर में 59.8 पर पहुंच गया। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी की भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' देश का सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अक्टूबर के 58.9 से बढ़कर नवंबर में 59.8 आ गया। यह बढ़ोतरी मजबूत नए से प्रेरित रही जिसने उत्पादन वृद्धि को बढ़ावा दिया। एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया में कंपनियों की बढ़त की सूचना के साथ अंतरराष्ट्रीय बिक्री में सुधार जारी रहा। हालांकि, विस्तार की दर आठ महीने के निचले स्तर पर आ गई।

### अब भी उत्पादन वृद्धि की उम्मीद

कंपनियों को हालांकि सकारात्मक धारणा के साथ अनुकूल मांग, सोशल मीडिया पर बढ़ती उपस्थिति, विपणन पहल और कीमतों में वृद्धि को न्यूनतम रखने की योजनाओं के दम पर अब भी उत्पादन वृद्धि की उम्मीद है। एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों के समूह को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

## सोने में 670 रुपए की तेजी और चांदी टूटी

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुझानों और रुपये में भारी गिरावट के कारण सुरक्षित निवेश मांग के लिए समर्थन मिलने से सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 670 रुपये चढ़कर 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,31,530 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आने से सर्राफा कीमतों में तेजी आई है। हालांकि, सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी ने छह दिन की बढ़त का सिलसिला तोड़ दिया और इसकी कीमत 460 रुपये की गिरावट के साथ 1,80,900 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

## बिजनेस साइट

## जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड का विस्तार

**रायपुर।** भारत की प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनी जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने आज छत्तीसगढ़ में अपने एकीकृत विनिर्माण संचालन के बड़े विस्तार की घोषणा की। कंपनी 2.31 मिलियन टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) क्लिंकर क्षमता और 1.2 एमटीपीए सीमेंट ग्राइंडिंग क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है, जिसके लिए 1,816 करोड़ का निवेश किया जाएगा। इस निवेश का एमओयू आज नई दिल्ली में आयोजित 'छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित किया गया, जहां राज्य ने प्रमुख औद्योगिक अवसर प्रस्तुत किए। जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, श्रीवत्स सिंघानिया ने कहा, यह विस्तार जेके लक्ष्मी सीमेंट के अगले विकास चरण को आकार देने में महत्वपूर्ण है।

## आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक हुई शुरू




**मुंबई।** मौद्रिक नीति तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक बुधवार को शुरू हो गई। इस बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की संभावना जताई जा रही है लेकिन कुछ विशेषज्ञ यथास्थिति कायम रहने की भी उम्मीद जता रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय एमपीसी का फैसला शुक्रवार को घोषित किया जाएगा। यह द्विमासिक समीक्षा बैठक खुदरा मुद्रास्फीति में लगातार नरमी, सकल घरेलू उत्पाद में उच्च वृद्धि दर, डॉलर के मुकाबले रुपये का भाव 90 के पार चले जाने और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच हो रही है। आरबीआई ने इस साल फरवरी से जून के दौरान तीन किस्तों में रेपो दर में कुल एक प्रतिशत अंक की कटौती की थी। हालांकि, उसके बाद अगस्त एवं अक्टूबर की बैठकों में रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया। क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा, "अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति में पर्याप्त गिरावट ने इस बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की गुंजाइश पैदा की है।

**आम सूचना का खण्डन**

सर्व साधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि मै अपने पक्षकारगण सोनती बाई पति स्व. गोविन्द वगैरह से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार अधिवक्ता श्री जीवराम ध्रुवंशी द्वारा अपने पक्षकार की ओर से दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि (धमतरी भूमि) मे प्रकाशित आम सूचना दिनांक 20.11.2025 भ्रामक व मानहानी होने से उक्त आम सूचना का खण्डन करते हुए सर्व साधारण को वस्तु स्थिति से अवगत किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण कि कृषि भूमि मौजा पुरेना प.ह.नं.-04 तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग. स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नं. 518 रकबा 0.140 हे. भूमि में दाखिल एवं काबिज प्राप्त है मेरे पक्षकारगण उपरोक्त संपत्ति का भूमि स्वामी अधिपत्य धारी है तथा राजस्व अभिलेखो, शासकीय, अर्धशासकीय, निगम, बैंक, संस्था आदि में मेरे पक्षकारगण का नाम पंजीकृत स्वामी के रूप में दर्ज है।

मेरे पक्षकारगण उपरोक्त ग्राम पुरेना तहसील जिला धमतरी छ.ग. स्थित अपने द्वारा धारित कृषि भूमि का विक्रय या अन्यथा द्वितीय से अंतरण करने विधितः स्वतंत्र है, असत्य, मनगंढ़त, भ्रामक व कंलकात्मक आधारों पर कराया गया आम सूचना का प्रकाशन आम जन को घुमराह करने का केवल प्रयास मात्र है तथा इससे आम जन भ्रमिक न हो। अतः सूचना जानिये।

स्थान- रायपुर छ.ग.
दिनांक- 03.12.2025

भवदीय
खिलेश्वर साहू (अधिवक्ता)
निवास / कार्यालय - बिझवारिन चौक
शीतला मंदिर के पास, केनाल रोड
लालपुर रायपुर छ.ग. पिन नं. 492015
मो.नं.- 9098535294

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
(राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बलरामपुर)
जिला बलरामपुर - रा.गंज (छ.ग.)**
dpmbalrampur@gmail.com cmhobalrampur@gmail.com

क्रमांक / रास्वामि / 2025/2844 बलरामपुर, दिनांक 01.12.2025

**चाय-नाश्ता - भोजन - पानी एवं रहने हेतु कमरा व्यवस्था हेतु तृतीय निविदा सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बलरामपुर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ठहरने हेतु हॉटल / कमरा व्यवस्था, चाय-नाश्ता- भोजन-पानी की व्यवस्था हेतु इच्छुक निविदाकारों / फर्मों से सीलबंद निविदा रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट / साधारण डाक के माध्यम से दिनांक 10/12/2025 शाम 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी जानकारी इस कार्यालय व जिला बलरामपुर की वेबसाइट www.balrampur.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा बिक्री प्रारंभ की तिथि : 03/12/2025 प्रातः 11:00 बजे से
निविदा बिक्री की अंतिम तिथि : 10/12/2025 अपरान्ह 3:00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 10/12/2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथि : 10/12/2025 अपरान्ह 04:00 बजे

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.)
S-46113/2

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञानसंस्थान (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर छ.ग.- 495001**
FAX (0) - 07752-237400, PHONE (O)- 07752-237400 Email eddress- mscimsbsp@gmail.com

क्रमांक/संसंएवंअधी./सिम्स /25 /10152 बिलासपुर, दिनांक 02.12.2025

**// दावा आपति हेतु सूचना //**

सिम्स चिकित्सालय में निम्न मशीनों का वार्षिक रखरखाव सीएमसी किया जाना है जिस हेतु निर्माता कंपनी से प्राक्कलन प्राप्त हुआ है विवरण निम्न है-

| Sr No. | Particulars | Qty | Purchase rate | Purchase Year | AMC Rate par unit | Total amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AMC rvwe 60 washer extractor (IFB) | 02 nos | 54,81,100=00 | 2021 | 2,30,000.00 | 4,60,000.00 |
| 2 | AMC rvwe 15 washer extractor (IFB) | 01 nos | | | 88,000.00 | 88,000.00 |
| 3 | AMC rtd 60 tumble dryer | 02 nos | | | 80,900.00 | 1,61,800.00 |
| 4 | AMC rfwi 0630E Flatwork ironer(IFB) | 01 nos | | | 2,00,000.00 | 2,00,000.00 |
| | | | | | Net Amount | 9,09,800.00 |
| | | | | | GST18% | 163764.00 |
| | | | | | G.Total | 10,73,564.00 |

उक्त मशीनो के वार्षिक रखरखाव सीएमसी हेतु दावा आपत्ति / प्राक्कलन हेतु निर्माता / अधिकृत एजेंसी से मुहरबंद लिफाफा स्पीडपोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| दावा आपत्ति एवं प्राक्कलन संबंधी दस्तावेज भेजने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 02.01.2026 समय शाम 4 बजे तक<br>पता - संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सदर बजार, गोंडपारा, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर, छ.ग. |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक सिम्स
चिकित्सालय, बिलासपुर छ.ग.
G-252605192/2

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर, जिला - कोरिया (छ. ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 180936 निविदा सूचना क्र. 13 / वलेलि / 2025-26, दिनांक 02.12.2025**

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 19.12.2025, ( 17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम** - गेज मध्यम परियोजना के आर.बी.सी. मुख्य नहर के आर.डी. 0 मी. से 7000 मी. तक लाईनिंग कार्य ।

**अनुमानित लागत** - : रू. 418.83 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 09.12.2025, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है ।

**नोट :-**
1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022)

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर,
जिला-कोरिया (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार,
जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर, (छ.ग.)
G-252605206/4

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ (छ.ग.)**
07762-224426 (O), 07762-222178 (R), 07762-226047 (F)
E-mail: dfo-raigarh.cg@gov.in

**:: संक्षिप्त निविदा सूचना ::**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वनमण्डलाधिकारी, रायगढ़ द्वारा रायगढ़ वनमंडल रायगढ़, अंतर्गत परिक्षेत्र रायगढ में इको पर्यटन स्थल निर्माण के लिए विभिन्न सामग्रीयों **Dholpur Stone आदि** क्रय हेतु निविदा दिनांक 05.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक मुहरबंद लिफाफा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट / वनमंडल कार्यालय रायगढ़ में रखे बॉक्स में डालने हेतु वनमंडल कार्यालय रायगढ़ में आमंत्रित की जाती है

| निविदा का प्रकार | प्रथम निविदा दिनांक | द्वितीय निविदा दिनांक | तृतीय निविदा दिनांक |
|---|---|---|---|
| Dholpur Stone | 05.01.2026 | 26.01.2026 | 06.02.2026 |

निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय में सूचना प्रकाशन दिनांक से दिनांक 05.01.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक रूपये 500/- का डिमांड ड्राफ्ट/ नगद शुल्क जो वनमंडलाधिकारी, रायगढ़ वनमंडल रायगढ़ के पक्ष में देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। प्राप्त निविदा दिनांक 05. 01.2026 को सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारो / अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी ।

अधिक जानकारी के लिये www.cgforest.com बेव साईट का अवलोकन करें।

वनमण्डलाधिकारी
रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़
G-252605188/2

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता
वि/यां मिनीमाता बांगो संभाग माचाडोली मुख्यालय
कटघोरा जिला - कोरबा (छ.ग.)**
Email ID:eeemrgh@cgwrd.in (07815-297058)

ज्ञाप. क्र. 2965/ व. ले.लि. / 2025 / कटघोरा दिनांक 01/12/2025

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन सेक्टर-19 नार्थ ब्लाक नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर छ.ग. का पृ. क्र. 4241983 / छ.ग. / 2025 / निविदा प्रकोष्ठ / 10308 / नवा रायपुर/ दिनांक 10. 11.2025 के परिपालन में इस कार्यालय का निविदा सूचना क्र. 01 / व.ले.लि. / 2025-26 / दिनांक 29.04.2025 निविदा सिस्टम क्र. 167595 (द्वितीय आमंत्रण) जशपुर जिले अंतर्गत विखं बगीचा के ग्राम साहीडांड में निर्मित एनीकट में सौर सुक्ष्म सिंचाई योजना का निर्माण कार्य अनुमातिन लागत रू. 711.60 लाख से निर्माण कार्य संबंधित निविदा दर एजेण्ड नोट प्रेषित करने पर प्रमुख अभियंता, कार्यालय स्तर पर गठित निविदा मुल्यांकन समिति की संपन्न बैठक दिनांक 14.10.2025 विभाग में प्रचलित दरों से अधिक होने के कारण विचाराधीन निविदा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। अतः निविदा निरस्त की जाती है।

जिसका पूर्व में आपके कार्यालय द्वारा जारी जी नंबर 252600574/10 है।

कार्यपालन अभियंता
वि/यां मिनीमाता बांगो संभाग माचाडोली
मुख्या. कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)
G-252605211/4

**कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर**

**-: विज्ञप्तिः-**
**दस्तावेजों के सत्यापन बाबत सूचना**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में अनुरेखक (ट्रेसर) के रिक्त पदों की भर्ती हेतु समाचार पत्रों के विज्ञापन क्रमांक जी-252600479 द्वारा जारी विज्ञापन के संबंध में व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम मेरिट सूची के आधार पर निम्न अभ्यर्थियों की निर्धारित अर्हता के सत्यापन हेतु दस्तावेजों का परीक्षण दिनांक 10.12.2025 को समय प्रातः 10:30 बजे से स्थान हॉल क्रमांक-02, लॉबी, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (दूरभाषः- 0771-2221656 ) में किया जाना है। जो निम्नानुसार है :-


**अनारक्षित (मुक्त)** के रिक्त पद **04** अभ्यर्थी का रोल नंबर 13010124, 25020246, 13010308, 25010211, 25020312
**अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त)** के रिक्त पद **02** अभ्यर्थी का रोल नंबर 25020288, 25020244, 25010025, 13010037
**अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला)** के रिक्त पद **01** अभ्यर्थी का रोल नंबर 25010228, 25010364
**अनुसूचित जाति (मुक्त)** के रिक्त पद **01** अभ्यर्थी का रोल नंबर 25010220, 13010333, 25010232, 25010024, 13010362, 13010014
**अनुसूचित जाति (महिला)** के रिक्त पद **01** अभ्यर्थी का रोल नंबर 25020251, 13010207
**अनुसूचित जनजाति (मुक्त)** के रिक्त पद **02** अभ्यर्थी का रोल नंबर 25020308, 25010227, 25020311, 25020238, 13010063, 25020222
**अनुसूचित जनजाति (महिला)** के रिक्त पद **01** अभ्यर्थी का रोल नंबर 25020018, 25010152

**टीपः-**
(1) कांउसिलिंग की निर्धारित तिथि को निर्धारित समय 10:30 तक उपस्थित होना अनिवार्य होगा । कांउसिलिंग में अनुपस्थित रहने पर दोबारा मौका नहीं दिया जावेंगा ।
(2) दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाये जाने का तात्पर्य यह नहीं है कि संबंधित अभ्यर्थी की नियुक्ति की जावेगी नियुक्ति मेरिट के आधार पर संवर्गवार रिक्त पदों की उपलब्धता अनुसार नियमानुसार की जावेगी ।
(3) जारी विज्ञापन में विहित शैक्षणिक अर्हता "10+2 अथवा हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण। आई.टी.आई. से ड्राफ्ट्समैन ट्रेड का प्रमाण पत्र अथवा राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से प्रारंभिक एवं माध्यमिक ड्राईंग परीक्षा उत्तीर्ण । कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य है।" उक्त विहित शैक्षणिक अर्हता से हटकर अन्य अर्हताधारी अभ्यर्थी के नाम पर कांउसिलिंग में विचार नहीं किया जावेगा ।
(4) अभ्यर्थियों को सत्यापन हेतु व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, हाई स्कूल की अंकसूची, हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची, आई.टी.आई. से ड्राफ्ट्समैन ट्रेड का प्रमाण पत्र, प्रारंभिक एवं माध्यमिक ड्राईंग परीक्षा की अंकसूची, कम्प्यूटर ज्ञान का प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांगजन प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्रों के मूल दस्तावेज एवं एक सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित लाना अनिवार्य है । वांछित प्रमाण पत्रों के अभाव में कांउसिलिंग में शामिल नहीं किया जावेगा।
(5) कांउसिलिंग हेतु व्यापम से प्राप्त मेरिट के अनुसार उम्मीद्वारों को पृथक से पत्र उनके निवास के पते पर प्रेषित किये गये है। विस्तृत विवरण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वेबसाइट http://phed.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।
(6) दिव्यांगजन हेतु विज्ञापित पद संख्या अनुसार दिव्यांगजन में चयनित अभ्यर्थी जिस संवर्ग का है उस संवर्ग के रिक्त पदों में पूर्ति मानकर उक्त संवर्ग में रिक्त पदों की संख्या में कमी की जावेगी ।
(7) कांउसिलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी को यात्रा भत्ता देय नही होगा ।

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
छत्तीसगढ़, अटल नगर
G- 252605197/2

## विदेशी सरजमीं पर लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की बड़ी जीत, सीरीज की 1-1 से बराबर

# कोहली-ऋतुराज की शतकीय पारी बेकार साउथ अफ्रीका ने चेज किए 359 रन




## 'किंग कोहली' ने सिक्स लगाकर खोला खाता

रांची के बाद रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में विराट कोहली का शानदार फॉर्म जारी रहा। बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर वनडे में किंग कोहली ने अपनी बल्लेबाजी की शुरुआत बेहद शानदार और तूफानी तरीके से की। दरअसल, किंग कोहली ने रायपुर वनडे में छक्के के साथ खाता खोला। उन्होंने लुंगी एनगिडी की गेंद पर फाइन लेग के ऊपर से गेंद को छह रन के लिए भेजा। कोहली के वनडे करियर में यह दूसरी बार ही ऐसा है, जब उन्होंने छक्के के साथ खाता खोला है। इससे पहले आखिरी बार ऐसा उन्होंने साल 2013 में वेस्ट इंडीज के सामने किया था। तब उन्होंने टिनो बेस्ट की बॉल को 6 रन के लिए भेजा था। रायपुर वन में कोहली ने 93 गेंदों पर 102 रनों की बेजोड़ पारी खेली।

### घर पर कोहली का 40वां शतक

विराट कोहली ने इसी के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट में घर पर 40 शतक पूरे कर लिए हैं। वो अब सिर्फ सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं। 37 साल का खिलाड़ी अगर 2027 तक वनडे क्रिकेट खेलता है तो उनके पास सचिन तेंदुलकर का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने का शानदार मौका होगा। सचिन तेंदुलकर के घर पर कुल 42 शतक और विराट कोहली उनकी बराबरी करने से अब सिर्फ 2 शतक और उन्हें पीछा छोड़ने से सिर्फ 3 शतक दूर हैं।

एजेंसी ▶▶ रायपुर

दूसरे वनडे में टीम इंडिया 359 रन का विशाल लक्ष्य भी बचाने में नाकाम रही। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और तीन मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर ला दी। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनने वाली साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने मजबूत स्कोर खड़ा किया। विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ा, जबकि ऋतुराज गायकवाड ने भी सेंचुरी लगाई। कप्तान केएल राहुल ने फिफ्टी बनाकर टीम को 358 के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। साउथ अफ्रीका की ओर से मार्को यानसन ने 2 विकेट लिए। बड़े रन चेज में अफ्रीका ने पांचवें ओवर में ही पहला विकेट गंवा दिया, लेकिन कप्तान टेम्बा बावुमा (44) और ऐडन मार्करम ने शतकीय साझेदारी कर टीम को संभाला। मार्करम ने शानदार शतक जड़कर चेज की नींव मजबूत की।

इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस (54) और मैथ्यू ब्रीट्जकी (68) ने तेज तर्रार फिफ्टी लगाई और टीम को लक्ष्य के करीब ले आए। 322 रन तक पहुंचने के बाद अफ्रीका ने लगातार विकेट गंवाए, लेकिन आखिरी में कॉर्बिन बॉश ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए 37 रन बनाए और टीम को जीत दिलाई।

भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट हासिल किए। कुलदीप यादव और हर्षित राणा को 1-1 सफलता मिली।

सीरीज का निर्णायक तीसरा वनडे 6 दिसंबर को विशाखापट्टनम में खेला जाएगा।



### ऋतुराज ने जड़ा वनडे का पहला शतक

ऋतुराज गायकवाड़ ने इस मैच में 77 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। वह भारत की तरफ से साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज युसूफ पठान हैं। युसूफ ने साल 2011 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 68 गेंदों में शतक लगाया था। उनका ये रिकॉर्ड अभी तक कोई नहीं तोड़ पाया है। ऋतुराज के लिए यह उनके वनडे करियर का पहला शतक है। उन्होंने अपने 8वें वनडे मैच में पहला शतक गायकवाड़ 52 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद वह तेज गति से रन बनाए। उन्होंने इसके बाद मैदान के चारों तरफ शॉट्स लगाए और 77 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। अपनी इस शतकीय पारी के दौरान उन्होंने 12 चौके और दो छक्के लगाए।

### रोहित ने 14 रन में ही रच दिया इतिहास

दरअसल, रोहित शर्मा को पहले 4 ओवर में सिर्फ 3 गेंद खेलने का मौका मिला और 2 रन बनाए। हालांकि, अगले ही ओवर में रोहित ने चौकों की हैट्रिक जड़ते हुए कमाल कर दिया। रोहित ने इन चौकों की मदद से घर पर इंटरनेशनल क्रिकेट में 9 हजार रन पूरे कर लिए। इस मैच से पहले रोहित को 9 हजार रन के आंकड़ें को छूने के लिए सिर्फ 9 रनों की दरकार थी। अब रोहित घर में 9 हजार रन बनाने वाले महज चौथे भारतीय बन गए हैं। इससे पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ ने यह उपलब्धि अपने नाम की थी। 5वें ओवर में नंद्रे बर्गर को लगातार तीसरा चौका जड़ते ही रोहित ने भारतीय सरजमीं पर सबसे ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाने के मामले में राहुल द्रविड़ को भी पछाड़ दिया। अब रोहित घर पर इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

### कोहली का शानदार रिकार्ड

विराट कोहली का साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभी तक तीनों ही फॉर्मेट में शानदार रिकॉर्ड देखने को मिला है, जिसमें ये उनका इंटरनेशनल क्रिकेट में अफ्रीका के खिलाफ तीनों फॉर्मेट को मिलाकर अब तक का 10वां शतक है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का बॉश बो यानसेन | 22 | 38 | 2 | 1 |
| रोहित का डिकॉक बो बर्गर | 14 | 8 | 3 | 0 |
| कोहली का मारक्रम बो एनगिडी | 102 | 93 | 7 | 2 |
| गायकवाड का डिर्जोर्जी बो यानसेन | 105 | 83 | 12 | 2 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 66 | 43 | 6 | 2 |
| सुंदर रन आउट | 01 | 8 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 24 | 27 | 2 | 0 |

अतिरिक्त: 24

**कुल: 50 ओवर में पांच विकेट पर: 358 रन**

गेंदबाजी: बर्गर 6.1-0-43-1, एनगिडी 10-1-51-1, यानसन 10-0-63-2, महाराज 10-0-70-0, बॉश 8-0-79-0, मारक्रम 5.5-0-48-0

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का गायकवाड बो हर्षित | 110 | 98 | 10 | 4 |
| डिकॉक का वाशिंगटन बो अर्शदीप | 08 | 11 | 2 | 0 |
| बावुमा का हर्षित बो प्रसिद्ध | 46 | 48 | 3 | 1 |
| ब्रीट्जके पगबाधा बो कृष्णा | 68 | 64 | 5 | 0 |
| ब्रेविस का जायसवाल बो कुलदीप | 54 | 34 | 1 | 5 |
| टॉनी डिर्जोर्जी रिटायर्ड हर्ट | 17 | 11 | 0 | 1 |
| यानसेन का गायकवाड को अर्शदीप | 02 | 2 | 0 | 0 |
| कोर्बिन बॉश नाबाद | 29 | 15 | 4 | 0 |
| केशव महाराज नाबाद | 10 | 14 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 18

**कुल:49.2 ओवर में छह विकेट पर: 362 रन**

गेंदबाजी: अर्शदीप 10-0-54-2, हर्षित 10-0-70-1, प्रसिद्ध 8.2-0-85-2, वाशिंगटन 4-0-28-0, जडेजा 7-0-41-0, कुलदीप 10-0-78-1

### खबर संक्षेप

#### मैं वापसी नहीं कर रही हूं : सेरेना विलियम्स



**न्यूयॉर्क।** सेरेना विलियम्स ने इन खबरों का खंडन किया है कि वह टेनिस में वापसी की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह 'वापस नहीं कर रही हैं।' इससे पहले अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के प्रवक्ता ने कहा कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना ने खेल के ड्रग परीक्षण निकाय के साथ पंजीकरण कराया है। इसके बाद ही उनकी वापसी को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी। संन्यास ले चुके किसी भी खिलाड़ी को वापसी करने के लिए सबसे पहले डोप परीक्षण के लिए पंजीकरण करना होता है।

#### डेजर्ट वाइपर्स ने दुबई कैपिटल्स को चार विकेट से हराया



**दुबई।** डेजर्ट वाइपर्स ने विश्व आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में गत चैंपियन दुबई कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर पिछले साल फाइनल में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। दुबई कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 150 रन बनाए। उसकी तरफ से रोवमैन पावेल ने 39 और मोहम्मद नबी ने 29 रन का योगदान दिया। वाइपर्स की तरफ से नूर अहमद, डेविड पाइने और खुजैमा तनवीर ने दो-दो विकेट लिए। वाइपर्स ने एंड्रीस गौस के अर्धशतक की मदद से 19 ओवर में छह विकेट पर 151 रन बनाकर जीत हासिल की।

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, गिल और पंडया की वापसी

**रायपुर।** भारत को साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इसके लिए टीम इंडिया का ऐलान हुआ है। बीसीसीआई ने बुधवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की। स्पर्धा की शुरुआत 9 दिसंबर से होगी। शुभमन गिल गर्दन की चोट के चलते दूसरे टेस्ट और वनडे सीरीज से बाहर हो गए थे। अब गिल की वापसी हो चुकी है और वो उप कप्तान भी हैं। इसके अलावा हार्दिक पंड्या की भी टीम के भीतर एंट्री हुई है। टीम की कमान सूर्यकुमार यादव के हाथों में ही है।

- 5 मैच की टी20 श्रृंखला 9 दिसंबर से कटक में होगी शुरू



#### टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर।

#### टी20 सीरीज शेड्यूल

| | |
|---|---|
| 9 दिसंबर | कटक |
| 11 दिसंबर | मुल्लांपुर |
| 14 दिसंबर | धर्मशाला |
| 17 दिसंबर | लखनऊ |
| 19 दिसंबर | अहमदाबाद |

मैच शाम 7 बजे से शुरू होगा।

#### रेड्डी और रिंकू सिंह ड्रॉप

इस टीम से नीतीश रेड्डी और रिंकू सिंह को ड्रॉप कर दिया गया है। वहीं लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के बीच में ही रिलीज कर दिया गया था। उन्हें अब टीम के भीतर रखा गया है।

## ब्रूइस के खिलाफ आक्रामक बर्ताव पर आईसीसी ने राणा को लगाई फटकार



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने तेज गेंदबाज हर्षित राणा को फटकार लगाई और रांची में पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद उनके आक्रामक बर्ताव के लिए एक डिमेरिट अंक उनके खाते में जोड़ दिया। आईसीसी ने कहा, 'राणा को आईसीसी की आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया।' यह घटना रविवार को दक्षिण अफ्रीका की पारी के 22वें ओवर में हुई जब भारत के तेज गेंदबाज ने ब्रेविस को आउट करने के बाद ड्रेसिंग रूम की तरफ इशारा किया, जिससे बल्लेबाज आक्रामक प्रतिक्रिया दे सकता था। राणा को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर उसका अपमान करने वाली भाषा, एक्शन या इशारे करने या आक्रामक प्रतिक्रिया देने से जुड़ा है। आईसीसी के बयान में कहा गया, 'इसके अलावा राणा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है और उनकी यह 24 महीने के समय में पहली गलती थी।

## विराट ने लगाई छलांग, पहुंचे चौथे स्थान पर, गिल को नुकसान

एजेंसी ▶▶ दुबई



विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में मैच विजयी शतकीय पारी की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए। कोहली ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 120 गेंद में 135 रन की पारी खेली, जो 50 ओवर के प्रारुप में उनका 52वां शतक था। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 17 रन से जीत दर्ज की। सैंतीस साल के कोहली के अब 751 रैंकिंग अंक हैं। वह शीर्ष पर बरकरार पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (783), न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (766) और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (764) से पीछे हैं।

### कोहली ने गिल को पीछे छोड़ा

कोहली ने भारत के एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को पीछे छोड़ा जो गर्दन की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की मौजूदा श्रृंखला से बाहर होने के कारण पांचवें स्थान पर खिसक गए। भारत के सीमित ओवरों के मुकाबलों के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान लगी चोट से उबर रहे श्रेयस अय्यर नौवें स्थान पर बने हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में चार विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में एक स्थान के फायदे से छठे पायदान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल नौवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि गिल एक स्थान के नुकसान ने 12वें पायदान पर हैं।

## मोहित ने क्रिकेट को कहा अलविदा, सभी फॉर्मेट से संन्यास

### मोहित ने आईपीएल में तीन टीमों के साथ पांच फाइनल खेले

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने सभी तरह का क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में छोड़ने का ऐलान किया। मोहित शर्मा ने रिटायरमेंट की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी। मोहित ने भारत के लिए 26 वनडे और आठ टी20 इंटरनेशनल मैच खेले। इनमें कुल 37 विकेट लिए। उन्होंने अगस्त 2013 में जिम्बाब्वे के सामने वनडे और मार्च 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 डेब्यू किया था। उनका आखिरी वनडे अक्टूबर 2015 और टी20 भी उसी महीने में साउथ अफ्रीका के सामने था।

#### 2014 वर्ल्ड टी20 और 2015 वनडे वर्ल्ड कप खेला

मोहित ने भारत के लिए 2014 वर्ल्ड टी20 और 2015 वनडे वर्ल्ड कप खेला था। वहीं तीन अलग-अलग टीमों के साथ पांच आईपीएल फाइनल खेले। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 2013, 2015 व 2019, दिल्ली कैपिटल्स के साथ 2020 और गुजरात टाइटंस के साथ 2023 का सीजन शामिल है। इन तीन टीमों के अलावा वे पंजाब किंग्स का भी हिस्सा रहे। 2016 से 2018 तक वे इस टीम में शामिल रहे। मोहित ने आईपीएल में 120 मैच खेले और 134 विकेट निकाले। 10 रन पर पांच विकेट उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा।



#### चेन्नई सुपर किंग्स के अहम गेंदबाज

मोहित 2013 से 2015 तक चेन्नई सुपर किंग्स के अहम गेंदबाज रहे। उन्होंने 2013 में 15 पारियों में 20 विकेट लिए। अगले सीजन 14 मैच में 23 विकेट लिए और पर्पल कैप जीती। इसी प्रदर्शन के दम पर वह भारत की टी20 टीम का हिस्सा बने। 2014 टी20 वर्ल्ड कप में उन्होंने तीन मैच खेले और दो विकेट लिए। फिर अगले साल ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड की मेजबानी में हुए वर्ल्ड कप में भी टीम इंडिया का हिस्सा रहे। इस टूर्नामेंट में उन्हें सभी आठ मैच खेलने को मिले, जिनमें 13 विकेट निकाले।

## प्रीमियर लीग

## एर्लिंग हालैंड ने बनाया रिकॉर्ड 111वें मैच में दागा 100वां गोल



**लंदन।** एर्लिंग हालैंड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम मैच में 100 गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने फुलहम की अच्छी वापसी के बावजूद 5-4 से जीत दर्ज की। हालैंड ने खेल के 17वें मिनट में अपनी टीम की तरफ से पहला गोल करके गोल का शतक पूरा किया। यह उनका प्रीमियर लीग में 111वां मैच था और इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में सबसे कम मैच में 100 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के दिग्गज एलन शीयर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 124 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। मैनचेस्टर सिटी की टीम ने एक समय 5-1 से बढ़त बना रखी थी लेकिन इसके बाद फुलहम ने शानदार वापसी की। वह इंजरी टाइम में बराबरी का गोल करने की करीब पहुंच गया था लेकिन जोश किंग का प्रयास विफल हो गया।

## महिला नेशंस लीग

## 56 हजार दर्शकों की मौजूदगी में स्पेन ने जर्मनी को हराया




**मैड्रिड।** क्लाउडिया पिना के दो गोल की बदौलत स्पेन ने महिला नेशंस लीग के फाइनल के दूसरे चरण में जर्मनी को 3-0 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। एटलेटिको मैड्रिड के मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में खेले गए इस मैच में लगभग 56 हजार दर्शक मौजूद थे, जो घरेलू मैदान पर स्पेनिश टीम के लिए एक रिकॉर्ड है। इन दोनों टीम के बीच फाइनल का पहला चरण गोलरहित बराबरी पर छूटा था। इस कारण दोनों टीम के लिए दूसरे चरण का मैच महत्वपूर्ण बन गया था। स्पेन ने शुरू से ही मैच पर दबदबा बना दिया था। उसकी तरफ से पिना के अलावा विक्की लोपेज ने भी गोल किया। स्पेन की टीम इस मैच में तीन बार की बैलन डीओर विजेता ऐताना बोनमाटी के बिना उतरी थी, जो रविवार को अभ्यास के दौरान चोटिल हो गई थी।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय, प्लॉट सं. 45, सेक्टर 24, नवा रायपुर, अटल नगर, 492 018 (छत्तीसगढ़)

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| 1. मेसर्स आद्या केमिकल्स एंड वायर्स प्राइवेट लिमिटेड (ऋणी), पंजीकृत कार्यालय, प.ह.नं 39, ग्राम- बरोंडा, पोस्ट बंगोली, तिल्दा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, पिनकोड- 493225 एवं प्लॉट नं. 19/12, फेज-2, सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़- 493111 2. श्री हीरा मणि मिश्रा (निदेशक और गारंटर) पुत्र राम नरेश मिश्रा, सी-23, वीआईपी सिटी, सड्डू, विधानसभा रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492014 एवं एलआईजी-352, सेक्टर-3, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू, सरधू, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492007, 3. श्री वासुदेवानंद मिश्रा (निदेशक एवं गारंटर) पुत्र राम नरेश मिश्रा, सी-23, वीआईपी सिटी, सड्डू, विधानसभा रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492014, एवं प्लॉट नंबर 38, ट्रांस गंगा नगर, डांडी नैनी, नैनी, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश- 211008. रायपुर, फूल चौक शाखा | शीर्षक धारक का नामः मेसर्स आद्या केमिकल्स एंड वायर्स प्राइवेट लिमिटेड, खसरा नं. 394/2 का भाग, प.ह.नं. 39, आर.आई.सी- खरोरा, गाँव- बरौंधा, तहसील- तिल्दा, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल - 12,482.00 वर्ग फीट में स्थित फ्रीहोल्ड डायवर्टेड औद्योगिक भूमि और भवन के ईएमटी। चौहद्दीः उत्तर- संजय अग्रवाल व अन्य की भूमि, दक्षिण- सड़क, पूर्व- नहर के बाद सियान सतनामी की भूमि, पश्चिम- केंद्रीय जैविक प्रौद्योगिकी राज्य प्रबंधक और संजय अग्रवाल की भूमि। | MSME-OD/OCC/GECL<br>₹ 1,39,00,000.00<br>01/12/2025 से कुल देय धनराशि ₹ 1,37,77,275.17<br>एनपीए तिथि: 28/11/2025 |
| श्रीमती गीता बेहरा पति श्री अशोक बेहरा, प.ह.नं 184, बेहरा कॉलोनी, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़. पिनकोड- 492004. रायपुर मुख्य शाखा | शीर्षक धारक का नामः श्रीमती गीता बेहरा पति श्री अशोक बेहरा, खसरा नं. 1493/1, 1495/1, 1496 और 1498/2 (भाग), प.ह.नं. 117/81, ब्लॉक नं. 49, प्रथम तल, मौजा- बोरियाकला (4407264), छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, दीनदयाल आवास योजना, आरआईसी- रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन-492001, क्षेत्रफल- 487 वर्ग फीट में स्थित फ्लैट नं. एलआईजी 773 के ईएमटी। चौहद्दीः उत्तर- मार्ग, दक्षिण- फ्लैट नं. एलआईजी-774, पूर्व- फ्लैट नं. एलआईजी-775, पश्चिम- फ्लैट नं. एलआईजी-759. | HOUSING LOAN<br>₹ 5,68,500.00<br>26/11/2025 से कुल देय धनराशि ₹ 4,89,441.72<br>एनपीए तिथि: 22/11/2025 |
| 1. श्रीमती पूजा दास, लीगल वारिस (पति स्व. श्री दीपांकर दास), बी-304 ट्रिलियम मगरपट्टा सिटी, हड़पसर, पुणे, महाराष्ट्र- 411028 2. स्व. श्री दीपांकर दास के अन्य कानूनी वारिस, बी-304 ट्रिलियम मगरपट्टा सिटी, हड़पसर, पुणे, महाराष्ट्र- 411028. भिलाई, मार्केट (मुख्य) शाखा | शीर्षक धारक का नामः स्व. श्री दीपांकर दास पुत्र श्री दिलीप कुमार दास, खसरा नं. 66/2 का भाग, जिसे "राज महल टाउन" ग्राम जामुल, वार्ड नं. 14, प.ह.नं. 13/18, आर.आई. सी.- दुर्ग-1, भिलाई, तहसील और जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ के नाम से जाना जाता है। क्षेत्रफल- 1178 वर्ग फीट में स्थित प्लॉट नं. 16 पर आवासीय मकान के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः उत्तर- प्लॉट नं. 17, दक्षिण- प्लॉट नं. 15, पूर्व- खुली जमीन, पश्चिम- 25 फीट सड़क। | HOUSING LOAN<br>₹ 28,00,000.00<br>28/11/2025 से कुल देय धनराशि ₹ 25,29,995.16<br>एनपीए तिथि: 22/11/2025 |
| 1) श्री ओमप्रकाश तिवारी पुत्र श्री जितेंद्र कुमार तिवारी, बी-104, आरडीए कॉलोनी, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़. पिनकोड- 492099 2) श्रीमती शिखा देवी पति श्री ओमप्रकाश तिवारी, वार्ड नं. 17 आइडियल स्कूल के पास, बजरंग नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़. पिनकोड- 493221 एव बी-104, आरडीए कॉलोनी, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़. पिनकोड- 492099. रायपुर राखी शाखा | शीर्षक धारक का नामः श्री ओमप्रकाश तिवारी पुत्र श्री जितेंद्र कुमार तिवारी, खसरा नं. 238/10, प.ह.नं. 103, भूतल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना, आरडीए कॉलोनी, वीर सावरकर नगर वार्ड नं. 01, हीरापुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन-492001, क्षेत्रफल- 290 वर्गफीट में स्थित फ्लैट नं. बी-101 के ईएमटी। चौहद्दीः उत्तर- विक्रय विलेख के साथ अटैच मैप के अनुसार, दक्षिण- विक्रय विलेख के साथ अटैच मैप के अनुसार, पूर्व- विक्रय विलेख के साथ अटैच मैप के अनुसार, पश्चिम- विक्रय विलेख के साथ अटैच मैप के अनुसार | Housing Finance<br>₹ 2,42,000.00<br>26/11/2025 से कुल देय धनराशि ₹ 1,72,808.72<br>एनपीए तिथि: 22/11/2025 |

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक,** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 03.12.2025 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक





# सूर्य की रोशनी कम होने से धरती पर आएगी तबाही, जीवन हो जाएगा नष्ट!



**वॉशिंगटन।** अगर सूर्य धीरे-धीरे मंद पड़ने लगे तो इसका धरती पर क्या असर होगा? क्या हमारा ग्रह इससे बच जाएगा या फिर यह घटना मजह एक अंत की शुरुआत होगी? इससे और भी सवाल आते हैं कि अगर सूर्य का प्रकाश अचानक गायब हो जाए तो धरती सौरमंडल से बाहर हो जाएगी या फिर सारा जीवन नष्ट हो जाएगा। हमारा सूर्य ही धरती पर जीवन का आधार है। अगर सूर्य की चमक जरा भी कम हो जाए तो यह हमारे ग्रह के लिए बहुत ही विनाशकारी साबित होगा। सौरमंडल में मौजूद सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं जिससे उनका समय और जीवन की संभावना तय होती है।

### क्या होगा इसका असर?

वैज्ञानिकों का कहना है कि सूर्य की चमक में बहुत छोटा बदलाव भी धरती पर रहने वाले ज्यादातर जीवों को मार सकता है। हालांकि, सब कुछ रातोंरात खत्म नहीं होगा क्योंकि कुछ ऐसे जीव हैं, जो समुद्र के सबसे गहरे हिस्सों में रहते हैं और बिना सनलाइट के जिंदा रहते हैं।



### सबसे पहला नुकसान किसे होगा?

अगर ऐसा होता है तो मानव जाति सबसे आगे होगी और उस पर विलुप्त होने का सबसे बड़ा खतरा होगा। सूर्य के कमजोर पड़ने से हमारा ग्रह पूरी तरह ठंडा हो जाएगा, मौसम बदल जाएंगे और दिन बहुत ठंडे होंगे।

### अचानक गायब हुआ तो क्या होगा?

यह धरती के लिए सबसे खराब कंडिशन होगी। सूर्य के गायब होते ही 8 मिनट बाद धरती पर अंधेरा छा जाएगा। इस पर ग्रैविटी का असर भी पड़ेगा और धरती अपनी जगह से दूर जा सकती है। तापमान बहुत तेजी से नीचे गिरेगा और महासागर जम जाएंगे, जिसके बाद सारा जीवन लगभग जल्दी खत्म हो जाएगा।

# अब स्कूल में पढ़ाएगी एआई रोबोट टीचर 17 साल के लड़के ने कर दिखाया कमाल

लखनऊ। जरा सोचिए आप क्लास में बैठे हों और अचानक टीचर की जगह एक ह्यूमनॉइड रोबोट अंदर आए...मुस्कुराए, अपना नाम बताए और पढ़ाना शुरू कर दे। बच्चों को समझ आए या न आए, इतना तो पक्का है कि मोबाइल उठाकर वीडियो बनाना भूल जाएंगे। यही नजारा इन दिनों उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के एक स्कूल में सच में देखने को मिल रहा है, जहां 17 साल के आदित्य कुमार ने ऐसा कमाल किया है, जिसने पूरे देश का ध्यान खींच लिया है।

### सोफी क्या-क्या कर सकती है?

- क्लास में बोलकर पढ़ाती है।
- बच्चों के सवाल समझकर जवाब देती है।
- बेसिक मैथमेटिक्स हल करती है।
- दुनिया की सबसे ऊंची इमारत जैसे सामान्य जीके सवालों के जवाब देती है।
- हिन्दी में बातचीत करती है।
- जल्द ही लिखकर जवाब देने की क्षमता भी जोड़ दी जाएगी।

### बच्चों की प्रतिक्रिया 'मैडम की जगह मशीन



स्कूल में जब पहली बार सोफी को छात्रों के बीच लाया गया तो बच्चे पहले तो डर गए, फिर हंस पड़े और आखिर में वीडियो बनाते हुए बोल उठे, 'मैडम तो फुल एआई निकली.'स्टाफ भी हैरान हैं कि एक 17 वर्षीय छात्र ने इतनी सीमित संसाधनों में इतना उन्नत एआई टीचर बना दिया।

### आदित्य ने कैसे किया यह कमाल?

17 साल के आदित्य बताते हैं कि उन्होंने सोफी को तैयार करने में उन्हीं बड़ा भाषा मॉडल (एलएलएम) चिपसेट्स का उपयोग किया है, जिनका इस्तेमाल बड़ी कंपनियां हाई-टेक रोबोट्स में करती हैं। सोफी अभी सिर्फ वॉयस आउटपुट देती है, लेकिन आदित्य का दावा है कि वह जल्द ही लिखने की क्षमता भी जोड़ देंगे। आदित्य कहते हैं, 'हम इसे लगातार ट्रेन कर रहे हैं। अभी सोफी सिर्फ बोलती है, लेकिन जल्द ही लिख भी सकेगी।'

### कौन है सोफी? स्कूल की नई 'एआई मैडम'

बुलंदशहर के शिवचरण इंटर कॉलेज में अब सिर्फ इंसानी टीचर नहीं, बल्कि एक स्मार्ट एआई टीचर भी पढ़ाती है।..सोफी. सोफी कोई साधारण पुतला नहीं, बल्कि बड़ा भाषा मॉडल चिपसेट पर आधारित एक एडवांस्ड एआई रोबोट है, जिसे आदित्य ने सिर्फ 25,000 रुपए में तैयार किया है। वीडियो में सोफी बड़े आत्मविश्वास से अपना परिचय देती है, 'मैं एक एआई टीचर रोबोट हूं. मेरा नाम सोफी है और मेरा निर्माण आदित्य ने किया है।' यानी साफ है कि ये 'मैडम' काफी गर्व के साथ अपना नाम बताती हैं।

### कैसे काम करती है ये आई टीचर


एआई की दुनिया में एलएलएम वही तकनीक है, जिस पर दुनिया की टॉप कंपनियां अपने चैटबॉट्स और रोबोट्स तैयार करती हैं। आदित्य ने इसी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके सोफी को ट्रेन किया है।

# 100 साल बाद इंसान कैसे दिखेंगे?

## भविष्य पर रिसर्च ने खोले चौंकाने वाले राज

एजेंसी ▶▶| लंदन

कल्पना कीजिए, यदि आपकी हड्डियां टूटने की बजाय रबर की तरह मुड़ने लगें और आपके दांत मजबूत चोंच जैसे बन जाएं। यह सुनने में साइंस फिक्शन जैसा लगता है, लेकिन हालिया वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार अगले 100 वर्षों में इंसान आज की तुलना में काफी अलग दिखाई दे सकते हैं। बदलता जलवायु, बढ़ती टेक्नोलॉजी और लगातार जारी इवोल्यूशन मानव शरीर में बड़े परिवर्तन ला सकता है।



### दांतों का आकार बदलकर चोंच जैसा

शेफील्ड यूनिवर्सिटी के डॉक्टर के अनुसार मानव दांतों में भी बड़ा बदलाव संभव है। पफरफिश से प्रेरित होकर भविष्य के इंसान चोंच जैसी मजबूत संरचना वाले दांत विकसित कर सकते हैं। 2023 में स्तनधारियों की दंत विविधता और पुनर्जीवित दांतों पर हुई शोध से संकेत मिलता है ।

### रबर जैसी हो सकती हैं हड्डियां


वैज्ञानिकों को ऐसे संकेत मिले हैं कि भविष्य में इंसानों की हड्डियां शार्क के कार्टिलेज जैसी मजबूत और बेहद लचीली हो सकती हैं। न्यूरोसाइंटिस्ट डीन बर्नेट का कहना है कि आने वाले समय में हड्डियां शॉक को बेहतर तरीके से झेल पाएंगी, जिससे चोट और फ्रैक्चर कम होंगे। 2023 में किए गए 31,000 स्केलेटल एक्स-रे के एआई आधारित विश्लेषण में ऐसे जीन पहचाने गए हैं जो हड्डियों को फ्लेक्सिबल बनाते हैं। साथ ही, 2025 की जेनेटिक रिपोर्ट बताती है कि कुछ जीन वेरिएंट कंधों की चौड़ाई और पैरों की लंबाई तक बदल सकते हैं।

### दिमाग बनेगा सुपर कंप्यूटर

मानव मस्तिष्क शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में तेज गति से विकसित हो रहा है। 2023 की एक स्टडी बताती है कि इवोल्यूशन दिमाग को सुपरकंप्यूटर जैसी क्षमताएं देने की दिशा में ले जा रहा है। फ्यूचरिस्ट इयान पियर्सन के अनुसार 2050 तक ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस तकनीक इंसानों की न्यूरल एक्टिविटी को मशीनों से जोड़ देगी, जिससे अधिक तेज सीखने की क्षमता, बेहतर मेमोरी और जटिल समस्याओं को तुरंत हल करने की क्षमता संभव होगी। एमआईटी और ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुए प्रयोगों से चूहों में मेमोरी ट्रांसफर और नॉन-न्यूरल सेल्स में मेमोरी स्टोर करने की संभावनाएं पहले ही दिख चुकी हैं। 2024 और 2025 की स्टडीज़ बताती हैं कि आने वाले समय में इंसान वर्किंग मेमोरी को न सिर्फ तेज कर सकेंगे, बल्कि इसे बाहरी माध्यमों पर भी स्टोर कर पाएंगे।

# लंबे समय तक पड़े सूखे से तबाह हुई थी सिंधु घाटी की सभ्यता

**लंदन।** सिंधु घाटी सभ्यता के धीरे-धीरे खत्म होने का एक बड़ा कारण लगातार पड़े भयंकर सूखे की एक श्रृंखला हो सकती है जो 85 साल से भी ज्यादा समय तक चली। यह एक चौंकाने वाली लेकिन वैज्ञानिकों द्वारा खोजी गई बात है। यह खोज कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरनमेंट नाम की पत्रिका में छपे एक रिसर्च में सामने आई है। इस रिसर्च ने अब तक का सबसे मजबूत सबूत दिया है कि यह महान सभ्यता अचानक खत्म नहीं हुई ,बल्कि यह सदियों तक धीरे-धीरे कमजोर होती गई और लुप्त हो गई।



### कैसे हुआ सभ्यता का अंत?

लेखकों ने बताया कि सिंधु घाटी सभ्यता का अंत किसी एक बड़ी और अचानक घटना से नहीं, बल्कि यह सभ्यता धीरे-धीरे कमजोर होती गई और इसी धीमी गिरावट के कारण अंत हुआ। इस गिरावट में लंबे समय तक पड़े सूखे ने सबसे अहम भूमिका निभाई। ये नतीजे बताते हैं कि पर्यावरण में बदलाव सबसे मजबूत समाजों को भी बदल सकता है।

### कितनी पुरानी है ये सभ्यता?

सिंधु घाटी सभ्यता आज के उत्तर-पश्चिम भारत और पाकिस्तान में 5,000 से 3,500 साल पहले थी. इस सभ्यता को मुख्य रूप से इसके शहरों को व्यवस्थित बनाने और जल प्रबंधन के एडवांस तरीके के लिए जाना जाता है। पहले की रिपोर्टों में बताया गया है कि इनके शहरों में पानी की सप्लाई के लिए शानदार नालियां और पानी के बड़े भंडार बने हुए थे।

### क्या थी ये स्टडी?

5,000 से 3,000 साल पहले इस इलाके में मौसम कैसा था यह जानने के लिए उन्होंने कंप्यूटर मॉडल का इस्तेमाल किया। उन्होंने इस मॉडल को असली सबूतों के साथ मिलाया जिसमें भारत की 2 गुफाओं से मिले स्टैलेक्टाइट्स और स्टैलेग्माइट्स की जांच की। उत्तर-पश्चिम भारत की 4 झीलों में पानी का स्तर समय के साथ कैसे बदला इसका रिकॉर्ड देखा।


### अध्ययन में क्या बताया गया?

इस अध्ययन में बताया गया कि इन लंबे सूखे के कारण लोगों के रहने की जगह पर क्या असर पड़ा। सिंधु घाटी के सभ्यता के लोग ज्यादा बारिश वाले इलाकों में रहते थे। सूखे के कारण लोगों ने अपनी जगह बदलनी शुरू कर दी। समुदाय सिंधु नदी के और करीब जाने लगे।

# नाक में निकला 'टेप का रहस्यमयी गोला'

## 35 सालों से महिला की नाक में फंसी थी ये चीज जब डॉक्टर ने निकाला तो हर कोई दंग रह गया

**ब्यूनस आयर्स।** सोचिए...कोई चीज आपके शरीर के भीतर 35 साल तक छिपी रहे और आपको पता भी न चले। कैंडेला रेबॉड नाम की महिला के साथ ठीक यही हुआ। हर बार जब वह सांस लेने में दिक्कत महसूस करती, उन्हें लगता 'शायद मुझे कोई पुरानी बीमारी है' लेकिन असलियत इतनी अजीब और रहस्यमयी थी कि जानकर अच्छे-अच्छों की सांसें रुक जाएं। अर्जेंटीना की कैंडेला दो बच्चों की मां और एक हेल्थ इन्फ्लुएंसर हैं। उन्हें बचपन से ही नाक से पूरी तरह सांस लेने में परेशानी होती थी। एक तरफ की नाक जैसे हमेशा आधी बंद रहती, लेकिन उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि परेशानी का कारण उनकी नाक के अंदर चिपका टेप का मोड़ा हुआ गोला हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टरों ने एंडोस्कोपी की और लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद जो चीज बाहर निकली, उसे देखकर खुद डॉक्टर भी सन्न रह गए...नाक के अंदर टेप, वो भी 35 साल पुराना।



### नाक में टेप केस

कैंडेला को याद तक नहीं कि यह वहां कैसे पहुंचा। परिवार से बात करने पर शक एक ही जगह गया...1990 में जन्म के समय। जब वह नवजात थीं, उन्हें सांस की तकलीफ हुई थी और डॉक्टर्स ने नाक में नली डाली थी।. शायद तभी टेप का टुकड़ा गलती से अंदर रह गया और वही 35 साल तक भीतर चिपका रहा।

**मुंह से सांस लेने की आदत पड़ गई थी** : कैंडेला हंसते हुए कहती हैं, 'शायद जिंदगीभर मुंह से सांस लेने का कारण वही टेप था।' शारीरिक गतिविधि, नींद, जॉगिंग...हर चीज में उन्हें दिक्कत होती थी।











# 'हमारी लाइफ जितनी परफेक्ट दिखती है, उतनी होती नहीं'

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों अचानक एक वीडियो वायरल होने लगा। वीडियो में एक महिला 'जो एक आईएएस अधिकारी की पत्नी हैं' बड़ी सहजता से अपनी जिंदगी का सच बताती नजर आती हैं। हम अक्सर मान लेते हैं कि अफसरों के परिवारों की लाइफ ग्लैमरस, सुकूनभरी और परेशानी-रहित होती है, लेकिन इस महिला की बातों ने लोगों की वह सोच एक झटके में बदल दी। उनकी सादगी ने ही वीडियो को इतना रिलेटेबल बना दिया कि देखते-देखते लाखों लोग इसे शेयर करने लगे।



वायरल वीडियो में वह कहती हैं कि आईएएस अधिकारी की पत्नी होना जिंदगी को आसान नहीं बना देता। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, 'हमारी लाइफ बाहर से जितनी आसान दिखती है, असल में उतनी नहीं होती। कई बार बोरियत, खालीपन और खुद की पहचान खो देने का डर भी होता है।' यही वजह थी कि उन्होंने कुछ 'अपने लिए' करने का फैसला किया और इसी सोच से शुरू हुई उनकी सोशल मीडिया जर्नी...एक छोटा-सा कदम, जो अब लाखों दिलों तक पहुंच चुका है। पहले उन्होंने सिर्फ टाइम पास के लिए वीडियोज बनाना शुरू किया था। रोजमर्रा की बातें, छोटे-छोटे व्लॉग्स और वो पल जो आमतौर पर हम नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन धीरे-धीरे लोगों को उनकी सादगी, ईमानदारी और पॉजिटिविटी इतनी पसंद आई कि उनका कंटेंट वायरल होने लगा। लोगों को यह देख आश्चर्य हुआ कि आईएएस परिवार के पीछे भी वही संघर्ष, वही भावनाएं और वही अकेलापन हो सकता है, जो सामान्य लोगों की जिंदगी में होता है। वीडियो पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई। एक यूजर ने लिखा, 'पहली बार किसी ने खुलकर बताया कि अफसरों के परिवार भी इंसान होते हैं।'


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com